दैनिक
www.currentcrime.com
# करंट क्राइम
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली शनिवार 13 जून -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 170 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# नगर निगम का वर्ष 2026-27 का बजट पास

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

# 2954 करोड़ से सजेगा गाजियाबाद, 510 करोड़ की आय का लक्ष्य

## विकास कार्यों पर रहेगा विशेष फोकस, कार्यकारिणी सदस्यों को नहीं मिलेगा अलग से एक-एक करोड़ का बजट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 3510 करोड़ रुपये की अनुमानित आय और 2954 करोड़ रुपये के व्यय वाला बजट पारित कर दिया है। नगर निगम सदन की बैठक में व्यापक चर्चा के बाद बजट को मंजूरी दी गई। बजट में करीब 526 करोड़ रुपये की बचत का प्रावधान रखा गया है, जिसे भविष्य की विकास योजनाओं और आवश्यक परियोजनाओं में खर्च किया जाएगा। नगर निगम सदन में बजट पर चर्चा के दौरान कई पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

सड़क, नाला निर्माण, पेयजल आपूर्ति, सीवर व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, सफाई और पार्कों के विकास जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्षदों ने कहा कि नगर निगम को मिलने वाले राजस्व का लाभ शहर के सभी वार्डों तक समान रूप से पहुंचना चाहिए। इस दौरान कई पार्षदों व नामित पार्षदों के साथ ही महिला पार्षदों के बीच तीखी नोंकझोंक भी देखने का मिली। आलम यह हुआ कि खुद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मेयर सुनीता दयाल सहित वरिष्ठ पार्षदों को बीच बचाव तक करवाना पड़ा।

## पार्षदों ने उठाए वार्डों के विकास, सफाई और पेयजल के मुद्दे



### महापौर ने विकास को बताया प्राथमिकता

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर निगम प्रशासन ने आगामी वर्ष की योजनाओं का खाका प्रस्तुत किया। महापौर ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के बुनियादी ढांचे को और मजबूत बनाना है। बजट में सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, हरित क्षेत्र बढ़ाने और जनसुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार पारित बजट में सड़क, नाली, सीवर, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्कों के सौंदर्यीकरण और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। बजट पारित होने के बाद अब विभिन्न विकास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### सफाई, पेयजल और सीवर परियोजनाओं को मिलेगी गति

करंट क्राइम : नगर निगम अधिकारियों के अनुसार बजट का बड़ा हिस्सा शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर खर्च किया जाएगा। पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सीवर नेटवर्क के विस्तार, जलभराव की समस्या के समाधान और आधुनिक सफाई व्यवस्था लागू करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विभिन्न विकास परियोजनाओं को भी गति देने की योजना है।

### 1048 करोड़ का अवशेष, विकास पर होगा 2954 करोड़ खर्च

करंट क्राइम : नगर निगम के पास वित्तीय वर्ष की शुरुआत में लगभग 1048.43 करोड़ रुपये का अंतिम अवशेष उपलब्ध है। आगामी वित्तीय वर्ष में निगम को विभिन्न मदों से करीब 2462 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान है। इस प्रकार कुल उपलब्ध बजट 3510.74 करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। पारित बजट के अनुसार नगर निगम वर्ष 2026-27 में 2954.40 करोड़ रुपये विकास कार्यों, आधारभूत सुविधाओं और विभिन्न योजनाओं पर खर्च करेगा। व्यय के बाद निगम के पास अगले वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 556.74 करोड़ रुपये का अंतिम अवशेष शेष रहेगा।

### कार्यकारिणी सदस्यों को एक-एक करोड़ देने का प्रस्ताव खारिज



**करंट क्राइम :** नगर निगम की बोर्ड बैठक में शुक्रवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 3510 करोड़ रुपये से अधिक का बजट बहुमत से पारित कर दिया गया। इस बजट के जरिए शहर में नए विकास कार्य शुरू किए जाएंगे, जबकि पहले से चल रही परियोजनाओं को भी गति मिलेगी। हालांकि बजट पारित होने से पहले बोर्ड बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों को अतिरिक्त निधि दिए जाने के प्रस्ताव को लेकर जमकर हंगामा हुआ। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में निगम मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में मुख्य लेखाधिकारी ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बजट चर्चा के दौरान नामित पार्षद सुनील यादव, मनोज त्यागी समेत कई पार्षदों ने कार्यकारिणी सदस्यों को विकास कार्यों के लिए अलग से एक-एक करोड़ रुपये उपलब्ध कराने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। विरोध के बीच पार्षद अजय शर्मा, प्रवीण चौधरी, राजीव शर्मा और गौरव सोलंकी ने कहा कि यह प्रस्ताव पहले ही कार्यकारिणी में शहरहित में पारित किया जा चुका है, अब यह राशि किसी व्यक्तिगत वार्ड में खर्च नहीं की जा सकती। इस मुद्दे पर काफी देर तक बहस और हंगामा चलता रहा। स्थिति को देखते हुए महापौर सुनीता दयाल ने सभी पार्षदों की राय ली। अधिकांश पार्षदों द्वारा प्रस्ताव का विरोध किए जाने पर महापौर ने कार्यकारिणी सदस्यों को एक-एक करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया। इसके बाद बजट पर आगे चर्चा हुई और अंतत: प्रस्तावित बजट को पारित कर दिया गया।

## कूड़ा गैंग की पैरवी में आते हैं मंत्रियों और बड़े नेताओं के फोन : महापौर



**करंट क्राइम :** नगर निगम की बोर्ड बैठक में शुक्रवार को कूड़ा माफिया और अवैध कूड़ा निस्तारण का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। मोहन नगर जोन के एक पार्षद ने सदन में आरोप लगाया कि क्षेत्र में कुछ संगठित कूड़ा गैंग सक्रिय हैं, जो नगर निगम को राजस्व का नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ शहर में गंदगी बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

मामला उठने पर महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कूड़ा गैंग की गतिविधियां उनके संज्ञान में हैं और इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही हैं। महापौर ने सदन में कहा कि कूड़ा माफिया के खिलाफ कार्रवाई के दौरान कई बार उनकी पैरवी के लिए मंत्रियों और बड़े नेताओं के फोन भी आते हैं। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार के दबाव में आकर अवैध गतिविधियों को संरक्षण नहीं दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध रूप से कूड़ा फेंकने, उठाने या निस्तारण करने वाले गिरोहों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सदन में मौजूद पार्षदों ने भी कूड़ा माफिया पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे तत्व नगर निगम की व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहे हैं और स्वच्छता अभियान की सफलता में बाधक बन रहे हैं।

इस मुद्दे पर सदन में कुछ देर तक चर्चा भी हुई और कई पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं सामने रखीं। महापौर ने आश्वासन दिया कि कूड़ा माफिया के खिलाफ अभियान चलाकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और शहर में स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाएगा।

## गाजियाबाद में हाउस टैक्स पर मिल सकती है बड़ी राहत





गाजियाबाद, करंट क्राइम : नगर निगम बोर्ड बैठक के दौरान महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने संकेत दिए कि आने वाले समय में प्रदेश के शहरी नागरिकों को हाउस टैक्स और अन्य नगर निगम करों में बड़ी राहत मिल सकती है। उन्होंने सदन को बताया कि हाल ही में प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश के सभी नगर आयुक्तों और महापौरों ने हिस्सा लिया था।

बैठक में इस बात पर मंथन हुआ कि प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों में लागू कर व्यवस्था को एक समान और अधिक व्यावहारिक बनाया जाए, ताकि नागरिकों पर अनावश्यक कर भार न पड़े। सूत्रों के अनुसार शासन स्तर पर हाउस टैक्स समेत अन्य स्थानीय करों की दरों में एकरूपता लाने और राहत देने के विकल्पों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। नगर निगम सदन में इस मुद्दे को जिस प्रमुखता से रखा गया, उससे यह चर्चा और तेज हो गई है कि आगामी दिनों में प्रदेश सरकार शहरी निकायों से जुड़े करों को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकती है। राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी माना जा रहा है कि जनता को राहत देने के उद्देश्य से हाउस टैक्स व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### जेरोन कंपनी को 27 करोड़ की पेमेंट पर सदन में हंगामा



करंट क्राइम : नगर निगम बोर्ड बैठक की शुरुआत से ही माहौल गर्म रहा। पार्षद राजीव शर्मा ने कूड़ा निस्तारण कंपनी जेरोन को किए गए 27 करोड़ रुपये के भुगतान का मुद्दा उठाते हुए सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि दिल्ली का कूड़ा गाजियाबाद में डंप करने को लेकर विवाद और मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कंपनी को भुगतान कैसे कर दिया गया। राजीव शर्मा ने बिना टेंडर होर्डिंग लगाए जाने और विज्ञापन कर से कम आय होने का मुद्दा भी उठाया। उनके समर्थन में कई पार्षद खड़े हो गए, जिससे सदन में जोरदार हंगामा हुआ। उन्होंने कहा कि कंपनी ने कहां माथा टेका है किस मंदिर में गया है।

### सुनील यादव बोले, कुछ पार्षदों की गुंडागर्दी नहीं चलेगी




करंट क्राइम : बजट बैठक के दौरान नामित पार्षद सुनील यादव ने कुछ पार्षदों पर भेदभाव और दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की गुंडागर्दी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके इस बयान पर सदन में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। कुछ पार्षदों ने विरोध किया तो कई सदस्यों ने उनका समर्थन भी किया।

### ऑडिट आपत्तियां हुईं कम, 162 मामलों पर चल रहा काम



**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बजट बैठक के दौरान बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार ऑडिट आपत्तियों की संख्या काफी कम हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केवल 162 ऑडिट आपत्तियां शेष हैं और इन्हें भी जल्द समाप्त करने के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई जारी है।

### आरडीसी के कमर्शियल टैक्स में राहत का मुद्दा उठा



करंट क्राइम : नगर निगम बोर्ड बैठक में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रवीण चौधरी ने आरडीसी क्षेत्र के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर लगाए जा रहे अधिक कर का मुद्दा उठाया। उन्होंने महापौर सुनीता दयाल से पूछा कि क्या आरडीसी जैसे कमर्शियल बाजारों के व्यापारियों को टैक्स में कोई राहत दी जाएगी। इस पर महापौर ने बताया कि इस संबंध में नगर विकास मंत्री एके शर्मा से बातचीत हुई है और शासन से प्राप्त पत्र के आधार पर जल्द ही मामले को स्पष्ट कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

### माइक को लेकर मनोज त्यागी और राजीव शर्मा में नोकझोंक



करंट क्राइम : नगर निगम बोर्ड बैठक के दौरान माइक को लेकर पार्षद मनोज त्यागी और पार्षद राजीव शर्मा के बीच तीखी कहासुनी हो गई। राजीव शर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त समय और माइक नहीं दिया जा रहा है। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच बहस बढ़ गई, जिससे सदन का माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया।

### अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज जसपाल राणा को सदन में दी श्रद्धांजलि



करंट क्राइम शुक्रवार को नगर निगम सदन की बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त निशानेबाज एवं देश को कई अंतरराष्ट्रीय पदक दिलाने वाले जसपाल राणा को याद किया गया। सदन में मौजूद जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि जसपाल राणा ने अपनी खेल प्रतिभा से देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन किया है। सदन ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं।

### महापौर ने कहा मेरे लिए सभी पार्षद एक समान



करंट क्राइम : नामित और निर्वाचित पार्षदों के बीच बढ़ते विवाद को शांत करते हुए महापौर सुनीता दयाल ने स्पष्ट कहा कि उनके लिए सभी पार्षद समान हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा और कार्यकारिणी सदस्य होने के आधार पर अतिरिक्त बजट भी नहीं दिया जाएगा।

### हैंडपंप मद में खर्च पर महापौर ने जताई आपत्ति



करंट क्राइम : बजट चर्चा के दौरान हैंडपंप स्थापना के लिए प्रस्तावित धनराशि पर महापौर सुनीता दयाल ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि केवल उन्हीं स्थानों पर हैंडपंप लगाए जाएंगे जहां वास्तविक आवश्यकता होगी। इस दौरान पार्षद सचिन डागर ने अपने क्षेत्र में हैंडपंप लगाने की मांग रखी।

### अस्पताल से सीधे बोर्ड बैठक में पहुंचे संजय सिंह



करंट क्राइम : पार्षद संजय सिंह स्वास्थ्य खराब होने के बावजूद बोर्ड बैठक में शामिल होने पहुंचे। बताया गया कि वह अस्पताल से सीधे नगर निगम पहुंचे थे और उनके हाथ पर ड्रिप लगी होने के निशान व कॉटन भी दिखाई दे रही थी। उनकी मौजूदगी को लेकर सदन में चर्चा रही और कई पार्षदों ने उनके जज्बे की सराहना की।

### रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था पर पार्षद नीरज गोयल ने उठाए सवाल



करंट क्राइम। नगर निगम बोर्ड बैठक के दौरान पार्षद नीरज गोयल ने शहर की सफाई व्यवस्था का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था संचालित किए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका प्रभाव पर्याप्त रूप से दिखाई नहीं देता। उन्होंने मांग की कि रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और इसमें और अधिक सुधार किया जाए, ताकि सुबह शहर की सड़कें और बाजार साफ-सुथरे दिखाई दें। इस पर महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम लगातार सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन कुछ स्थानों पर समस्या लोगों की लापरवाही के कारण भी उत्पन्न होती है। उन्होंने बताया कि कई दुकानों में एसेसरीज और अन्य कारोबार करने वाले लोग रात में अपने प्रतिष्ठानों के सामने कूड़ा डाल देते हैं। यही कूड़ा सुबह नालों और नालियों में फंसकर जलभराव तथा गंदगी की समस्या पैदा करता है। महापौर ने जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से भी सफाई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

### महिला पार्षद से बहस के बाद मनोनीत पार्षद ने मांगी माफी



करंट क्राइम : बोर्ड बैठक के दौरान महिला पार्षद पूनम सिंह और मनोनीत पार्षद भगवत गुप्ता के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। बहस बढ़ने पर सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। अन्य पार्षदों के हस्तक्षेप के बाद भागवत गुप्ता ने माफी मांगी, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

### महिला पार्षदों को बोलने नहीं देने का आरोप



**करंट क्राइम :** बोर्ड बैठक में पार्षद रेखा गोस्वामी ने महिला पार्षदों की भागीदारी का मुद्दा भी उठा। एक महिला पार्षद की ओर से कहा गया कि उन्हें सदन में अपनी बात रखने का पूरा अवसर नहीं दिया जा रहा है। रेखा गोस्वामी ने इस दौरान नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर हमारे वार्ड के लोग हमें यहां इस तरह चुप बैठा हुआ देखेंगे तो क्या सोचेंगे? उनके इस बयान के बाद सदन में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका और अधिकारों को लेकर चर्चा शुरू हो गई।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
02 | शनिवार • 13 जून -2026





# राम मंदिर के दान में गबन मामले में सीबीआई जांच की मांग

## लखनऊ हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल, ऑडिट कराने की अपील



**लखनऊ।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन मामले की जांच के लिए उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच कराने और दानपात्रों में प्राप्त नकदी, आभूषण तथा अन्य मूल्यवान वस्तुओं का महालेखा परीक्षक से ऑडिट कराने की मांग की गई है।

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दानपात्रों से चढ़ावे की संपत्ति के कथित गबन मामले की सीबीआई जांच की पीआईएल शुक्रवार को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में दाखिल हुई है। इसपर अगले सप्ताह सुनवाई संभावित है। स्थानीय अधिवक्ता मोहित अशोक ने व्यक्तिगत रूप से यह जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें, कथित गबन मामले की जांच समेत केस दर्ज करने के निर्देश सी बी आई को देने का कोर्ट से आग्रह किया गया है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रिपोर्ट तलब की

राम मंदिर में दान राशि के कथित गबन के आरोप का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर की व्यवस्था और वित्तीय पारदर्शिता को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर मंथन शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, मामले में जांच प्रक्रिया के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि रिपोर्ट के आधार पर मंदिर प्रबंधन और व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी।

### गबन के डेढ़ करोड़ बरामद होने की चर्चा

बुधवार को कथित तौर पर गबन हुई डेढ़ करोड़ की राशि के बरामद होने की बात सामने आई। संदिग्धों से पूछताछ, उनके बैंक डिटेल आदि की जांच का क्रम जारी होने की चर्चा भी जोरों पर रही है। गबन के मामले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर ने कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया। माना जा रहा है कि दान के पैसों की गिनती में लगे बैंक कर्मियों की भी जांच हो रही है। फिलहाल पूरे मामले में राम मंदिर ट्रस्ट ने चुप्पी साध रखी है।

## मानसून से पहले दिल्ली की तैयारियों की समीक्षा

# यमुना तट विकास और 101 जलाशयों के पुनर्जीवन पर एलजी सख्त

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल ने डीडीए की चल रही महत्वपूर्ण पर्यावरणीय और आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) की समीक्षा करते हुए परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए।



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में डीडीए की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजधानी में चल रही प्रमुख पर्यावरणीय और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में यमुना तट विकास, यमुना बाजार के पुनरुद्धार, जलाशयों के संरक्षण और मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

उपराज्यपाल ने डीडीए की चल रही महत्वपूर्ण पर्यावरणीय और आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) की समीक्षा करते हुए परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित और विश्वस्तरीय राजधानी की परिकल्पना के अनुरूप यमुना रिवरफ्रंट विकास परियोजना पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही यमुना बाजार और उससे सटे घाटों के व्यापक पुनर्विकास एवं सौंदर्यीकरण की योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी दी।

उपराज्यपाल ने जल संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को प्राथमिकता देते हुए प्रथम चरण के अंतर्गत 101 जलाशयों के पुनर्जीवन कार्यों की प्रगति का भी मूल्यांकन किया। द्वारका और रोहिणी में चल रही प्रमुख परियोजनाओं की स्थिति पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने व गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में दिल्ली में विकसित किए जा रहे बड़े सामाजिक और आर्थिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। इनमें आतिथ्य, स्वास्थ्य सेवाओं, लक्जरी रिटेल और लॉजिस्टिक्स हब से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। एलजी ने कहा कि इन परियोजनाओं से दिल्ली की आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

मानसून की तैयारियों को लेकर भी बैठक में गंभीरता से चर्चा हुई।

# दिल्ली में लखपति बिटिया को 1 लाख की गारंटी अस्पतालों में फ्री एमआरआई और सीटी स्कैन



### शिक्षा में एआई को किया शामिल

मुख्यमंत्री ने पीएम को बताया कि सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं में ड्रॉपआउट दर कम करने के लिए छात्राओं को मुफ्त साइकिल दी जा रही है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में 75 सीएम श्री स्कूल स्थापित किए गए हैं और 8,777 से अधिक स्मार्ट क्लासरूम बनाए जा चुके हैं। इस साल से छात्रों के लिए व्यक्तिगत शिक्षण के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एकीकृत किया गया है।

### पीडब्ल्यूडी के लिए अलग इंजीनियरिंग कैडर की मांग

मुख्यमंत्री ने दिल्ली की प्रगति को और तेज करने के लिए केंद्र से कुछ महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। उन्होंने दिल्ली के पीडब्ल्यूडी इंजीनियरिंग कैडर को केंद्रीय लोक निर्माण विभाग से अलग करने और दिल्ली को दी जाने वाली केंद्रीय सहायता को अन्य राज्यों के समान बढ़ाने का अनुरोध किया। प्रदूषण मुक्त विनिर्माण उद्योगों के लिए केंद्र की भव्य योजना में दिल्ली को शामिल करने का आग्रह किया गया है। सीएम ने कहा, प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए दिल्ली सरकार अब पूरी तरह डिजिटल और ई-फाइल आधारित हो चुकी है।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की 11वीं शासी परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विकसित दिल्ली @2047 का विजन पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व बदलाव लाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने बालिकाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए दिल्ली लखपति बिटिया योजना शुरू की है, जिसके तहत मानकों को पूरा करने वाली बेटी को 18 वर्ष की आयु पर 1 लाख रुपये की गारंटी दी गई है। आंगनवाड़ियों के कायाकल्प के लिए समर्थ पहल शुरू की गई है, जो पालना, पोषण और पढ़ाई जैसे छह स्तंभों पर आधारित है। महिलाओं के उत्पादों के लिए रानी हाट (महिला हाट आउटलेट) बनाए जा रहे हैं और सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा के लिए सहेली पिंक कार्ड लॉन्च किया गया है।

### देश का सबसे बड़ा खेल महाकुंभ और अनमोल योजना शुरू

सीएम ने कहा, स्वास्थ्य क्षेत्र में, दिल्ली सरकार पीपीपी मॉडल के तहत सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त एमआरआई और सीटी स्कैन की सुविधा देने जा रही है। द्वारका में पहला ब्रेन हेल्थ क्लिनिक और नवजात शिशुओं की निगरानी के लिए अनमोल योजना शुरू की गई है।

सीएम ने कहा कि केंद्र के सहयोग से दिल्ली में 1 लाख करोड़ रुपये का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है और मेट्रो नेटवर्क 500 किलोमीटर तक फैल चुका है। मार्च 2027 तक दिल्ली की सड़कों पर 5,800 से अधिक ईवी बसें दौड़ेंगी। यमुना की सफाई के लिए पड़ोसी राज्यों के साथ एक कोऑर्डिनेशन टीम बनाई गई है और 35 नए विकेंद्रीकृत एसटीपी विकसित किए जा रहे हैं। इसके अलावा, शहर के लिए 50 वर्षों में पहली बार नया मास्टर ड्रेनेज प्लान लागू किया गया है।

# ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज चुनाव के समय भड़काऊ बयान देने का आरोप



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुश्किलें सत्ता गंवाने के बाद लगातार बढ़ती जा रही है। अब उनके खिलाफ नेताजी नगर थाने में सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज की गई है। कोलकाता की हेयर स्ट्रीट पुलिस ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई लिखित शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें उन पर चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ और सांप्रदायिक बयान देने का आरोप लगाया गया।

कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस रोड स्थित सोवालया इलाके के निवासी तुषार कांति दास ने ममता बनर्जी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। तुषार कांति दास ने पुलिस को बताया कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों को भाजपा के 'भ्रामक प्रचार' से सावधान रहने को कहा था, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि आखिर वह किस प्रकार के भ्रामक प्रचार की बात कर रही थीं।

शिकायत में दावा किया गया है कि रैली के दौरान दिया गया उनका बयान पहली नजर में उकसाने वाला, भड़काऊ और सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाला प्रतीत होता है। शिकायतकर्ता के अनुसार, इस तरह के बयान अलग-अलग समुदायों के बीच भय, नफरत, गलतफहमी और तनाव पैदा कर सकते हैं।

इससे आम लोगों के मन में असुरक्षा की भावना भी पैदा हो सकती है, जो राज्य की शांति, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक माहौल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि चुनाव के बाद कोलकाता और पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में सांप्रदायिक हिंसा की कई घटनाएं सामने आईं, जो उनके भाषण से प्रभावित या उससे जुड़ी हो सकती हैं।

### मई में ममता के खिलाफ दर्ज हुई थी एफआईआर

2026 विधानसभा चुनावों में टीएमसी की हार के बाद ममता बनर्जी के खिलाफ यह दूसरी शिकायत है। इससे पहले वकील रिंकी चट्टोपाध्याय सिंह की शिकायत पर सिलीगुड़ी साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में ममता बनर्जी के खिलाफ मई में एक एफआईआर दर्ज की थी। वकील ने आरोप लगाया गया था कि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने सनातन धर्म को न सिर्फ गंदा धर्म कर धार्मिक भावनाओं को आहत किया, बल्कि यह भी कहा कि एक खास समुदाय दूसरों को पांच मिनट में खत्म कर सकता है।

तुषार कांति दास ने शिकायत के साथ संबंधित रैली का वीडियो क्लिप एक पेन ड्राइव में पुलिस को सौंपा है। उन्होंने पुलिस से मामले पर तत्काल संज्ञान लेने, वीडियो और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच करने, निष्पक्ष और गहन जांच कराने तथा यदि कोई अपराध साबित होता है तो कानून के अनुसार उचित कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा है कि यदि ऐसे बयान चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए हैं।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा, खड़े ट्रक में घुसी कार

## एक ही परिवार के चार लोगों की मौत



**कानपुर।** उन्नाव जिले में गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार शाम भीषण सड़क हादसा हुआ। आसीवन थाना क्षेत्र के नंगाखेड़ा गांव के पास किलोमीटर संख्या 387.6 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में तेज रफ्तार कार पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार शाम करीब पांच बजे के आसपास हुई। कार सवार लोग गंगा एक्सप्रेसवे से गुजर रहे थे, तभी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गई। सूचना मिलते ही आसीवन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। आनन फानन घायलों को अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### प्रयागराज के निवासी होने की आशंका

पुलिस के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी के नंबर के आधार पर प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक संभवतः प्रयागराज जनपद के रहने वाले थे। फिलहाल, पुलिस मृतकों की शिनाख्त सुनिश्चित करने के लिए गाड़ी के पंजीकरण विवरण का मिलान कर रही है। परिजनों से संपर्क में जुटी पुलिस हादसे की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस टीम मृतकों के परिजनों से संपर्क करने का हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि उन्हें घटना की जानकारी दी जा सके और शवों का पोस्टमार्टम कराया जा सके। आसीवन पुलिस ने मौके से ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## भाजपा पर अखिलेश का हमला

# अमेरिका के हिसाब से बन रही भारत की आर्थिक नीति, देश का बाजार गिरवी रखवा दिया



**कासगंज।** भारत की विदेश नीति पर तंज करते हुए अखिलेश ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो कहते हैं वह भारत स्वीकार कर लेता है। विश्व में भारत का बाजार बहुत बड़ा है। मगर देश की आर्थिक नीतियां अमेरिका के हिसाब से बन रही है। भाजपा सरकार ने देश का बाजार गिरवी रख दिया है।

समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार को उर्मिला गार्डन का उद्घाटन करने के लिए कासगंज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूर्व सांसद कुंवर देवेंद्र सिंह यादव की समाजवादी पार्टी में वापसी कराई।

### जो ट्रंप कहता है वो भारत मान लेता है

उन्होंने भारत की विदेश नीति पर तंज करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो कहते हैं वह भारत स्वीकार कर लेता है। विश्व में भारत का बाजार बहुत बड़ा है। मगर देश की आर्थिक नीतियां अमेरिका के हिसाब से बन रही है। भाजपा सरकार ने देश का बाजार गिरवी रख दिया है। भाजपा के लोग मुंह से स्वदेशी हैं, लेकिन मन से विदेशी हैं।

### स्कूल बंद हो रहे हैं और शराब की दुकान खुल रही हैं

भाजपा सरकार में सरकारी प्राइमरी स्कूल बंद किया जा रहे हैं, लेकिन शराब की दुकान धड़ले से खुल रही है। सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह कौन से साधु संत हैं जो शराब की दुकान खोल रहे हैं। योगी जी ना तो खेल जानते हैं और ना ही खेलना। वह बस बुलडोजर चलाना जानते हैं। बुलडोजर भी सिर्फ पीडीए के लिए है।

### पेट्रोल में सरकार कर रही मिलावट

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार स्मार्ट सिटी तो नहीं बनवा पाई, लेकिन स्मार्ट विद्युत मीटर लगाकर लोगों को लूटने का काम जरुर कर रही है। देश में महंगाई बढ़ रही है। पेट्रोल के दाम 100 रुपये के पार चले गए हैं। उसमें भी 20 परसेंट की मिलावट की जा रही है। 20 परसेंट की मिलावट न की जाए तो पेट्रोल के दाम और भी ज्यादा हो जाएंगे। पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट से आम लोगों के वाहनों के इंजन खराब हो रहे हैं।

### 2027 में यूपी हारे तो नहीं होंगे दोबारा चुनाव

जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि 2027 में यूपी का विधानसभा चुनाव हार गए तो देश में दोबारा चुनाव नहीं देख पाओगे। हाल ही में हुए बंगाल विधानसभा चुनाव इसका उदाहरण है। जिसमें जनता के वोटो को लूट गया है।

# पंचायत चुनाव की मतदाता सूची से स्मृति इरानी का नाम गायब, जिंदा लोगों के नाम काटे, मृतकों के जोड़े



**अमेठी।** प्रधान प्रतिनिधि तीरथराज मिश्र ने बताया कि स्मृति इरानी का नाम पंचायत मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए सभी आवश्यक अभिलेख समय से बीएलओ को उपलब्ध कराए गए थे। इसके पर बावजूद उनका नाम सूची में नहीं जोड़ा गया।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद गड़बड़ियों के मामले सामने आने लगे हैं। गौरीगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत मेदन मवई में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन इरानी का नाम सूची में शामिल नहीं है, जबकि कई मृतकों के नाम अब भी दर्ज बताए जा रहे हैं। शाहगढ़ क्षेत्र की पनियार ग्राम पंचायत में 870 से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से गायब होने का मामला सामने आया है।

मेदन मवई ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि तीरथराज मिश्र ने बताया कि स्मृति इरानी का नाम पंचायत मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए सभी आवश्यक अभिलेख समय से बीएलओ को उपलब्ध कराए गए थे।

### स्मृति इरानी का नाम जोड़ने के लिए दिए थे अभिलेख

भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी का नाम विधानसभा मतदाता सूची में दर्ज है। पंचायत मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवश्यक अभिलेख बीएलओ को दिए गए थे। इस संबंध में एसडीएम से वार्ता की गई है। उन्होंने आवश्यक सुधार का आश्वासन दिया है।

### पनियार में 870 से अधिक मतदाताओं के नाम गायब

शाहगढ़ की पनियार ग्राम पंचायत में भी मतदाता सूची को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछली सूची में 3,419 मतदाता थे, जबकि नई सूची में संख्या घटकर 2,546 रह गई है। करीब 870 मतदाताओं के नाम गायब हो गए हैं। कई परिवार ऐसे हैं, जिनके सभी सदस्यों के नाम सूची से हट गए हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर जांच की मांग की है।

### 16 लाख से अधिक वोटर तय करेंगे पंचायत की सरकार

पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच जिले की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। अब 16,16,891 मतदाता ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के प्रतिनिधियों की किस्मत तय करेंगे। अंतिम सूची के अनुसार जिले में 8,34,064 पुरुष और 7,82,827 महिला मतदाता पंजीकृत हैं।

# कांग्रेस नेता नटराजन को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं चुनाव याचिका दायर करने का विकल्प अभी भी कायम



**भोपाल।** कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन पत्र को निरस्त किए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। नटराजन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत के समक्ष दलील दी कि जिस निजी शिकायत (प्राइवेट कंप्लेंट) के आधार पर नामांकन खारिज किया गया, उस पर अब तक किसी सक्षम अदालत ने संज्ञान ही नहीं लिया है। सिंघवी ने कहा कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपी एक्ट) की धारा 33ए के तहत उम्मीदवार को केवल उन आपराधिक मामलों का खुलासा करना होता है, जिनमें दो वर्ष या उससे अधिक सजा वाले अपराध में सक्षम अदालत द्वारा आरोप तय (चार्ज फ्रेम) किए जा चुके हों। उन्होंने तर्क दिया कि वर्तमान मामले में न तो आरोप तय हुए हैं और न ही किसी अदालत ने संज्ञान लिया है, इसलिए नामांकन निरस्त करने का आधार कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है। सुनवाई के दौरान सिंघवी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 223 का हवाला देते हुए कहा कि किसी निजी शिकायत में संज्ञान लेने से पहले प्रस्तावित आरोपी को सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य है।

### अदालत को बताया घटनाक्रम

सिंघवी ने अदालत को घटनाक्रम बताते हुए कहा कि 9 जून को नामांकन निरस्त करने का आदेश पारित हुआ, 10 जून को चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया गया और 11 जून को मामले का सुप्रीम कोर्ट में उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें आशंका थी कि चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे और बाद में ऐसा ही हुआ। कांग्रेस की ओर से यह भी आरोप लगाया गया कि रिटर्निंग ऑफिसर ने मामले में मनमाने ढंग से कार्रवाई की। सिंघवी ने कहा कि जब तक किसी व्यक्ति के खिलाफ विधिसम्मत रूप से लंबित आपराधिक मामला न हो और उसमें आरोप तय न किए गए हों, तब तक केवल निजी शिकायत के आधार पर उम्मीदवार को चुनावी प्रक्रिया से बाहर नहीं किया जा सकता।

### कोर्ट ने चुनाव याचिका को बताया उपचार

न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि पूरी कठिनाई यह है कि यदि हम आपका नामांकन स्वीकार कर लेते हैं, तो अनुच्छेद 329 के तहत अधिकार क्षेत्र का विभाजन हो जाएगा। एक प्रकार के मामले उच्च न्यायालय देखेगा और दूसरे, जहां स्पष्ट मामला हो, अनुच्छेद 32 के तहत आएंगे। इन दोनों शक्तियों में अंतर कैसे किया जाएगा? हम लगातार कहते आए हैं कि चाहे नामांकन गलत तरीके से ही क्यों न खारिज किया गया हो, उसका उपचार चुनाव याचिका के माध्यम से है। हमें ऐसा कोई फैसला दिखाइए जिसमें हमने चुनाव प्रक्रिया के दौरान हस्तक्षेप किया हो?

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में राज्यमंत्री ने लगाए जय श्री राम और हर-हर महादेव के नारे




**अलीगढ़।** एएमयू में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने जय श्री राम और हर-हर महादेव के नारे लगाए। उनके बाद वहां बैठे लोगों ने भी जय श्री राम कहा। जय श्री राम और हर-हर महादेव के नारों से कैनेडी हॉल गूंज गया। उत्तर प्रदेश के उद्यान एवं कृषि विपणन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने एएमयू के कैनेडी हॉल में जय श्री राम और हर-हर महादेव के नारे लगाए। वहां उपस्थित लोगों ने भी उत्साहपूर्वक उनके साथ नारे लगाए। उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के कैनेडी हॉल में औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में था। राज्य सरकार में मुख्यमंत्री के नौ वर्ष का कार्यकाल भी पूर्ण हुआ था। इन दोनों महत्वपूर्ण उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए यह गोष्ठी रखी गई थी। राज्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के संग्रहालय और मौलाना आजाद पुस्तकालय का भ्रमण किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने के प्रयासों की प्रशंसा की। दिनेश प्रताप सिंह ने इस कार्य को बेहद प्रशंसनीय बताया। उन्होंने कहा कि इतिहास को संरक्षित कर नई पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# लखनऊ-दिल्ली इंडिगो उड़ान में टॉयलेट पेपर पर मिली बम की धमकी, यात्रियों में फैली दहशत



**लखनऊ।** अहमदाबाद से दिल्ली होते हुए लखनऊ पहुंची एक उड़ान में बम होने की सूचना मिलने पर एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराकर यात्रियों को बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ता और सुरक्षा बल विमान की जांच में जुटे हैं। फिलहाल खतरे की पुष्टि नहीं हुई है।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को सुबह 10:45 बजे लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इण्डिगो की उड़ान (6ई2111) टेक ऑफ करने को तैयार थी। विमान में 180 यात्री बैठ चुके थे। तभी विमान के टॉयलेट में किसी यात्री को टिशू पेपर पर विमान में बम विस्फोट होना लिखा मिला। इसकी जानकारी विमान के पायलट को हुई तो उसने आनन फानन इसकी सूचना एटीसी को दी।

### यात्रियों में फैली दहशत

विमान में सवार यात्रियों को पता चला तो वह दहशत में आ गए। एयरपोर्ट प्रशासन ने सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी। आनन फानन बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड, मेडिकल टीम और फायर टीम सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियों को बुला लिया गया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने गहनता से जांच पड़ताल की। काफी देर तक चली जांच पड़ताल के बाद भी कुछ नहीं मिला। बाद में पता चला कि यह किसी शरारती तत्व द्वारा फर्जी करतूत की गई है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच पड़ताल के बाद यात्रियों और एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की साथ ली। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि अब यह विमान जल्द ही यहां से रवाना होने वाला है।

# श्रीनगर के चडूरा में दर्दनाक हादसा: स्कूल बस खाई में गिरी, चालक की मौत, दो छात्र घायल

**श्रीनगर।** बड़गाम जिले के ब्रेनवार चडूरा के नीगू जब्बाद इलाके में आईपीटीएस स्कूल खानसाहिब की एक स्कूल बस गहरी खाई में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई और दो छात्र घायल हो गए।

बड़गाम जिले के ब्रेनवार चडूरा के नीगू जब्बाद इलाके में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। आईपीटीएस स्कूल खानसाहिब की एक स्कूल बस गहरी खाई में गिर गई जिसमे बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई और दो छात्र घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग, पुलिस और राहत-बचाव दल तुरंत मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाकर घायलों को बाहर निकाला। दोनों घायल छात्रों को उपचार के लिए एसडीएच चडूरा भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस ने इस हादसे का संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**कार्यालय सेनानायक टास्कफोर्स 47 वीं पीएसी गाजियाबाद।**

विज्ञप्ति

टॉस्क फोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के गेट नं0-3 में बनी दुकान को मिल्क डेयरी किराये हेतु दिनॉक 01.07.2026 से दिनॉक 30.06.2027 तक की अवधि के लिये टेण्डर दिनांक 25-06-2026 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जायेगें। टेण्डर उसी दिन दोपहर बाद खोले जायेगें। टेण्डर डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी सेनानायक टास्कफोर्स 47वीं पीएसी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

पत्रांक व-28/2026(विविध)
दिनांक जून ,2026

सेनानायक
47 वीं वाहिनी पीएसी
गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शनिवार 13 जून -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम — ट्वीट का करंट

Atul Garg · Follow
1d

किसान सम्मान निधि से संबल, किसान क्रेडिट कार्ड से सशक्तिकरण और फसल बीमा से सुरक्षा।

मोदी सरकार ने इन 12 वर्षों में अन्नदाता को मजबूत बनाने और किसान कल्याण से किसान समृद्धि तक की यात्रा को नई गति देने का काम किया है।

#12YearsOfKisanSamriddhi

# नामित और निर्वाचित पार्षदों की सदन में भिड़ंत

## बजट बैठक में कई बार बने टकराव के हालात के बीच नगर आयुक्त को करना पड़ा हस्तक्षेप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की बजट बैठक शुक्रवार को विकास योजनाओं और वित्तीय प्रस्तावों से अधिक नामित पार्षदों और निर्वाचित पार्षदों के बीच हुई तीखी नोकझोंक को लेकर चर्चा में रही। सदन का माहौल कई बार इतना गरमा गया कि स्थिति को संभालने के लिए खुद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को अपनी सीट छोड़कर सदन के बीच में आना पड़ा, जबकि महापौर सुनीता दयाल को भी हस्तक्षेप करना पड़ा। हाल ही में शासन द्वारा मनोनीत किए गए नामित पार्षद पहली बार बजट बैठक में सक्रिय भूमिका निभाते दिखाई दिए। विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के दौरान नामित पार्षदों और निर्वाचित पार्षदों के बीच कई बार तीखी बहस हुई। बहस का स्वर इतना तेज हो गया कि सदन कुछ समय के लिए जंग के अखाड़े जैसा नजर आने लगा। इस दौरान नामित पार्षद अपने आपको कम नहीं बता रहे थे। उनका तर्क था कि जो जनता के द्वारा सदन में चुन कर पार्षद पहुंचे हैं, उसमें भी नामित पार्षदों की भी अहम भूमिका रही है। नामित पार्षदों ने कई पार्षदों को चुनावी रण में जितवाने के लिए ना सिर्फ घर-घर जाकर जनसम्पर्क किया था, बल्कि पसीना बहाने के साथ साथ परिश्रम भी किया और यही वजह नामित और निर्वाचित पार्षदों के बीच जमकर अखाड़े की वजह बना। दोनों ही स्तर के पार्षद खुद को कम नहीं दर्शा रहे थे। यही अहम हंगामे और नोक झोंक का कारण रहा।

### जब महापौर बोलीं मुझे सबसे ज्यादा गालियां सुननी पड़ती हैं

करंट क्राइम : बजट बैठक के दौरान महापौर सुनीता दयाल ने एक अलग ही अंदाज में कहा कि उन्हें सुबह से लेकर रात तक सबसे ज्यादा शिकायतें और नाराजगी का सामना करना पड़ता है। इंदिरापुरम हैंडओवर, टूटी सड़कों, नालों और अन्य नागरिक समस्याओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जनता सीधे उन्हें जिम्मेदार ठहराती है और कई बार तीखी बातें भी सुननी पड़ती हैं। उनके इस बयान पर सदन में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया।

### रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

करंट क्राइम : बोर्ड बैठक में कई पार्षदों ने अपने क्षेत्रों में रात के समय सफाई व्यवस्था कमजोर होने का मुद्दा उठाया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने माना कि कुछ क्षेत्रों में व्यवस्थागत कमी पाई गई है। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग बढ़ाई जाएगी और आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

### स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पर पार्षदों का फूटा गुस्सा



करंट क्राइम : कई पार्षदों ने अपने क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था न होने की शिकायत की। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए महापौर सुनीता दयाल ने प्रकाश प्रभारी शेषबली को सदन में तलब किया और कहा कि लगातार इस प्रकार की शिकायतें आना विभागीय लापरवाही को दशार्ता है।

### पार्कों में चूहों के आतंक से परेशान पार्षद

करंट क्राइम : एक पार्षद ने पार्कों में बढ़ते चूहों के आतंक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग लाखों रुपये खर्च कर पार्कों का रखरखाव करता है, लेकिन चूहों के कारण हरियाली और संरचनाएं लगातार क्षतिग्रस्त हो रही हैं। समस्या के समाधान की मांग की गई।

### तालाबों की सफाई सिर्फ कागजों में, बोले पवन गौतम

करंट क्राइम : पार्षद पवन गौतम ने सदन में तालाबों की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सफाई के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। तीन वर्ष पूर्व उठाए गए एक तालाब के मुद्दे पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### सीएनजी वाहनों को बढ़ावा देगा निगम

करंट क्राइम : नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए सीएनजी आधारित वाहनों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। निगम अधिकारियों का कहना है कि इससे ईंधन खर्च में कमी आएगी और शहर का पर्यावरण बेहतर होगा।

### महिला पार्षदों में भी हुई तू-तू मैं-मैं



**करंट क्राइम :** बैठक के दौरान पार्षद भगवत गुप्ता, पूनम सिंह, छाया त्यागी, सुमन जाटव और उदित मोहन गर्ग के बीच विभिन्न विषयों को लेकर तीखी जुबानी जंग देखने को मिली। भगवत गुप्ता ने आवेश में आकर पार्षद पूनम सिंह को बैठने के लिए कहा, जिस पर उन्होंने कड़ा विरोध जताया। इसके बाद पूनम सिंह और छाया त्यागी के बीच भी तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब एक महिला पार्षद से नामित पार्षद द्वारा किए गए संवाद के तरीके पर आपत्ति जताई गई। इसे लेकर कई पार्षदों ने नाराजगी व्यक्त की और सदन में शोर-शराबा बढ़ गया। हंगामे के बीच कई वरिष्ठ पार्षद अपनी सीटों से उठकर सदन के अग्रभाग तक पहुंच गए। मामला बढ़ता देख नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक स्वयं बीच-बचाव के लिए आगे आए और सभी पक्षों को शांत रहने की अपील की। महापौर सुनीता दयाल ने भी हस्तक्षेप करते हुए सदन की गरिमा बनाए रखने और बैठक को सुचारु रूप से चलाने का आह्वान किया। इसके बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई और बजट संबंधी कार्रवाई आगे बढ़ सकी। नगर निगम की इस बैठक ने एक बार फिर यह संकेत दिया कि आगामी समय में नामित और निर्वाचित पार्षदों के बीच अधिकारों, भूमिका और मुद्दों को लेकर राजनीतिक व वैचारिक टकराव और तेज हो सकता है। शुक्रवार की बैठक में दिखाई दिया तनाव आने वाले दिनों की राजनीति की दिशा भी तय कर सकता है।

### विकास कार्यों में देरी पर गौरव सोलंकी और नरेश भाटी ने उठाए सवाल



करंट क्राइम : पार्षद गौरव सोलंकी और नरेश भाटी ने अपने-अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों की धीमी गति और लंबित परियोजनाओं का मुद्दा उठाया। दोनों पार्षदों ने महापौर और नगर आयुक्त से शीघ्र कार्रवाई कर विकास कार्यों को गति देने की मांग की।

### कासिम और मामा के नाम पर सदन में गूंजे सवाल

करंट क्राइम : नगर निगम सदन में कासिम और मामा नामक दो व्यक्तियों की गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। आरोप लगाया गया कि उनकी देखरेख में कई बाजारों और अन्य गतिविधियों का संचालन हो रहा है। मामले को लेकर महापौर ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी मांगी।

### शहीद विजयपाल त्यागी मार्ग की मांग उठी

करंट क्राइम : नामित पार्षद मधुकर त्यागी ने राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के एक प्रमुख मार्ग और चौराहे का नाम शहीद विजयपाल त्यागी के नाम पर रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि शहीद विजयपाल त्यागी का बलिदान क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है और उन्हें उचित सम्मान मिलना चाहिए।

### यह नामित पार्षद रहे मौजूद

करंट क्राइम। बैठक में उपस्थित नामित पार्षदों में सुमन जाटव, संजय रावत, भगवत गुप्ता, श्याम शर्मा, प्रदीप चौधरी, अंकुश अरोड़ा, सरदार पम्मी, मधुकर त्यागी और सुनील यादव शामिल रहे। हाल ही में शासन द्वारा इन पार्षदों को नगर निगम गाजियाबाद में नामित किया गया है। बजट बैठक में उनकी उपस्थिति को लेकर भी चर्चा रही, क्योंकि यह उनके नामांकन के बाद महत्वपूर्ण बैठकों में से एक थी। नगर निगम के बजट, विकास कार्यों और विभिन्न प्रस्तावों पर हुई चर्चा के दौरान नामित पार्षदों ने सदन की कार्यवाही का अवलोकन किया और निगम की भावी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान नामित पार्षदों ने सदन की कार्यवाही में भाग लिया और विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा को सुना। हालांकि नामित पार्षद ज्योति चौहान (ज्योति सिंह) बैठक में उपस्थित नहीं रहीं। उनके अलावा सभी नामित पार्षद सदन में मौजूद रहे।

### आरडीसी के अंसल कॉम्प्लेक्स का कर निर्धारण कराने की मांग



करंट क्राइम। नगर निगम बोर्ड बैठक में नामित पार्षद प्रदीप चौधरी ने नगर निगम की आय बढ़ाने से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने आरडीसी स्थित अंसल कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में वर्षों से संचालित दुकानों और कार्यालयों का कर निर्धारण न होने का मामला सदन के सामने रखा। प्रदीप चौधरी ने कहा कि बड़ी संख्या में व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित होने के बावजूद कई इकाइयों का अब तक उचित कर निर्धारण नहीं हुआ है, जिससे नगर निगम को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने निगम प्रशासन से पूरे कॉम्प्लेक्स का सर्वे कराकर सभी दुकानों और कार्यालयों का कर निर्धारण सुनिश्चित करने तथा बकाया कर की वसूली के लिए प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना था कि निगम की आय बढ़ने से शहर में विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण और अन्य नागरिक सुविधाओं पर अधिक धन खर्च किया जा सकेगा। उन्होंने इस विषय को नगरहित से जुड़ा बताते हुए जल्द कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

# प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु के लिए सांसद अतुल गर्ग ने की पूजा-अर्चना



## अहमदाबाद में भद्रकाली माता मंदिर पहुंचे सांसद राष्ट्र निर्माण के 12 वर्षों की उपलब्धियों को बताया ऐतिहासिक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने अहमदाबाद स्थित भद्रकाली माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा की कामना की। संसदीय स्थायी समिति (वाणिज्य) की बैठक के सिलसिले में अहमदाबाद पहुंचे सांसद अतुल गर्ग ने साथी सांसदों के साथ नगरदेवी भद्रकाली माता के मंदिर में विधिवत दर्शन एवं पूजा की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति और जनकल्याणकारी कार्यों के लिए माता से आशीर्वाद मांगा। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे करोड़ों नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर एक सशक्त, सक्षम और आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में उभरा है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में भारत नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# पूर्व मेरठ मंडल प्रभारी रवि जाटव बसपा से निष्कासित

## पीएन गर्ग को भी किया गया पार्टी से बाहर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** विधानसभा चुनाव से एक साल पहले बसपा ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए गाजियाबाद में अपने दो महावतों को झटका दिया है। यहां हाथी ने इन्हें फिलहाल अपना साथी बनाने से इंकार कर दिया है। बसपा के पूर्व मेरठ मंडल प्रभारी रवि जाटव को अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने पर बसपा से निष्कासित किया गया है। वहीं बसपा के टिकट पर मेयर का चुनाव लड़ी पूर्व प्रत्याशी के पति पीएन गर्ग को भी अनुशासनहीनता के चलते पार्टी की तरफ से निष्कासित कर दिया गया है। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार जाटव ने निष्कासन की पुष्टि करते हुए कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता के चलते पार्टी सुप्रीमों बहन मायावती से संस्तुति मिलने के बाद दोनों को निष्कासित किया गया है। वहीं इस निष्कासन के बाद पूर्व मेरठ मंडल प्रभारी रवि जाटव ने करंट क्राइम में बातचीत में कहा कि उनकी पूरी आस्था पार्टी सुप्रीमों बहन कुमारी मायावती में है। उन्होंने कहा कि मैं बसपा का सिपाही हूं और बहन जी के आदेश हमारे सिर माथे है। मेरी राजनीतिक निष्ठा हमेशा बसपा के साथ है। जो भी पार्टी का आदेश है वह हमें स्वीकार है।

# नेहरू युवा केंद्र में हेलीपैड बनने से पहले ही छिड़ा विवाद सोशल मीडिया पर उठा सवालों का तूफान

## मालीवाड़ा-चौधरी मोड़ जाम होने की आशंका, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने जताई चिंता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू युवा केंद्र परिसर में मुख्यमंत्री और अन्य वीआईपी आगमन के लिए प्रस्तावित हेलीपैड निर्माण की चर्चा ने अभी जमीन पर ईंट भी नहीं देखी है, लेकिन इसे लेकर शहर में बहस और विरोध के स्वर तेज होने लगे हैं। खबर सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने ट्रैफिक, व्यापार और आम जनता की परेशानियों को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के बीचों-बीच स्थित नेहरू युवा केंद्र में हेलीपैड बनाए जाने की संभावना को लेकर नागरिकों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच चर्चा का दौर शुरू हो गया है। विरोध करने वाले लोगों का कहना है कि यदि भविष्य में यहां मुख्यमंत्री समेत अन्य वीआईपी कार्यक्रम होने लगे तो सुरक्षा व्यवस्था और वीआईपी मूवमेंट के कारण शहर की प्रमुख सड़कों पर बार-बार जाम की स्थिति बन सकती है।


नेहरू युवा केंद्र में बनेगा मुख्यमंत्री योगी का हेलीपैड
नई परियोजना
वीवीआईपी मूवमेंट, चुनावी सभाओं और आपातकालीन स्थितियों में होगा उपयोग, प्रशासन ने शुरू की तैयारियां
प्रतीकात्मक चित्र

### मालीवाड़ा और चौधरी मोड़ की लाइफलाइन थम जाएगी

**करंट क्राइम :** नगर निगम के नामित पार्षद अंकुश अरोड़ा ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि नेहरू युवा केंद्र में हेलीपैड बनता है तो मालीवाड़ा से चौधरी मोड़ तक का पूरा मार्ग प्रभावित हो सकता है। उनका कहना है कि वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा कारणों से रास्ते बंद किए जाते हैं, जिससे शहर की लाइफलाइन मानी जाने वाली सड़कें जाम की चपेट में आ सकती हैं।

### समर्थक और विरोधी आमने-सामने, निर्माण से पहले ही गरमाया माहौल

**करंट क्राइम :** जहां कुछ लोग इसे सरकार की सुविधा और प्रशासनिक आवश्यकता बता रहे हैं, वहीं कुछ नागरिक इसे अनावश्यक परियोजना और निजी हितों से जोड़कर देख रहे हैं। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन हेलीपैड निर्माण की संभावित तैयारी की खबर ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में बहस को जन्म दे दिया है। उधर नेहरू युवा केंद्र में प्रस्तावित हेलीपैड अभी चर्चा और प्रारंभिक तैयारियों के स्तर पर है, लेकिन इसके निर्माण से पहले ही पक्ष-विपक्ष की रेखाएं खिंचती नजर आने लगी हैं। आने वाले दिनों में यह मुद्दा शहर की राजनीति, ट्रैफिक व्यवस्था और जनसुविधाओं से जुड़ी बड़ी बहस का विषय बन सकता है। अब सबकी निगाहें प्रशासन और सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं कि जनचिंताओं का समाधान किस तरह किया जाता है।

### सबको होगी परेशानी, मिलकर समाधान निकालना होगा

**करंट क्राइम :** पार्षद पद के पूर्व प्रत्याशी मनु वशिष्ठ ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि यह केवल किसी एक क्षेत्र का विषय नहीं है बल्कि पूरे शहर से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में यहां नियमित वीआईपी कार्यक्रम होते हैं तो आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सभी पक्षों को साथ बैठकर इसका व्यावहारिक समाधान तलाशना चाहिए।

### व्यापारियों ने जताई कारोबार प्रभावित होने की आशंका

**करंट क्राइम :** व्यापारी राजू छाबड़ा का कहना है कि हेलीपैड बनने के बाद वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा घेरा बढ़ेगा, जिससे बाजारों तक पहुंच प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि परेशानी सभी को होगी, लेकिन अभी बहुत कम लोग खुलकर अपनी बात रख रहे हैं। यदि बार-बार यातायात रोका गया तो इसका सीधा असर व्यापार और स्थानीय कारोबार पर पड़ेगा।

### जब पहले से हेलीपैड हैं तो शहर के बीच नई जरूरत क्यों?

**करंट क्राइम :** कई नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब हिंडन क्षेत्र और रामलीला मैदान जैसे स्थानों पर पहले से हेलीपैड की व्यवस्था उपलब्ध है, तो फिर शहर के घनी आबादी वाले हिस्से में नया हेलीपैड बनाने की आवश्यकता क्या है। सोशल मीडिया पर लोगों ने इस फैसले की उपयोगिता और औचित्य पर भी सवाल खड़े किए हैं।

# गाजियाबाद प्रीमियर लीग क्रिकेट का जादू छाया शहर गाजियाबाद में

## समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता के साथ मैच का लुत्फ लिया संपादक मनोज गुप्ता ने





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर एक्सटेंशन में इन दिनों गाजियाबाद प्रीमियर लीग क्रिकेट चल रहा है। समरकूल टीम भी इस लीग में भाग ले रही है। समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता तथा डायरेक्टर राजीव गुप्ता भी अपनी टीम को प्रोत्साहित कर रहे हैं। जीपीएल लीग में मैच का आनंद लेने के लिए दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता भी अपने परिवार सहित पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी अंकिता अग्रवाल तथा उनके सुपुत्र ओम अग्रवाल भी मौजूद रहे। सभी ने जीपीएल का आनंद लिया।

# संवाद

## संपादकीय

### अंधविश्वास बना हत्यारा

कुछ दिन पहले ओड़िशा के संबलपुर जिले में साठ साल की एक महिला और उसकी बेटी की सिर्फ इसलिए कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई कि उन पर कुछ लोगों को जादू-टोना करने का संदेह था। जिस दौर में देश की अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर दुनिया के सामने पेश की जा रही हो, उसी बीच आए दिन जब महज अंधविश्वास की वजह से निर्दोष लोगों की हत्या की घटनाएं भी हो रही हों, तो यह अपने आप में विकास की मौजूदा परिभाषा पर एक सवालिया निशान है। झारखंड और ओड़िशा सहित देश के अन्य इलाकों से भी डायन या जादू-टोना के अंधविश्वास की वजह से आदिवासी या कमजोर तबकों की महिलाओं को यातना देने से लेकर उनकी हत्या कर देने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। सरकारें मौजूदा कानूनी प्रक्रिया के तहत हत्या के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करती हैं, लेकिन उसका असर इतना नगण्य है कि कुछ दिनों बाद फिर डायन या जादू-टोना के नाम पर हत्या की कोई अन्य घटना सामने आ जाती है। यह सोचने की जरूरत है कि विकास के दावों के बीच अंधविश्वास की जड़ें इतनी गहरी क्यों हैं। विकास की चकाचौंध के पीछे भारतीय समाज की इस स्याह तस्वीर को हम क्यों नहीं देख पा रहे हैं। एक तरफ हम आधुनिकता के दंभ में जीते हैं, तो दूसरी तरफ समाज का एक वर्ग ऐसा भी है, जिसमें मनुष्यता का बोध नहीं। वह बेगुनाह लोगों की हत्या होते देखता है। दूसरी ओर, यह समझना मुश्किल है कि देश के दूरदराज इलाकों में सरकारें आधुनिक तकनीकी संसाधन और सुविधाएं पहुंचाने में कोई कोताही नहीं करतीं, लेकिन लोगों के बीच ऐसी सामान्य चेतना और समझ का विस्तार नहीं कर पातीं कि जादू-टोना और डायन जैसी धारणाएं महज अंधविश्वास हैं और यह किसी भी समाज के पिछड़े रह जाने के सबसे बड़े कारकों में से एक हैं। विडंबना यह है कि ऐसी घटनाओं को सामान्य आपराधिक घटनाओं की तरह देखा जाता है और उसके पीछे सामाजिक जड़ता और मनोवैज्ञानिक जटिलताओं को समझने और उसी मुताबिक उसका दूरगामी हल निकालने की कोशिश नहीं की जाती। आज के वैज्ञानिक दौर में भी समाज में अंधविश्वास की जड़ें इतने गहरे तक फैली हुई हैं कि कई बार लोग अपनी जान तक जोखिम में डाल देते हैं। कर्म और तर्क के सिद्धांत को कोने में रखकर कुछ लोग तंत्र-मंत्र और जादू-टोना का सहारा लेते हैं, जिसके अक्सर भयावह परिणाम सामने आते हैं। कभी तांत्रिक अनुष्ठान में किसी व्यक्ति की हत्या कर दी जाती है, तो कभी डायन कहकर सार्वजनिक तौर पर प्रताड़ना की हदें पार कर दी जाती हैं। वह बेगुनाह लोगों की हत्या होते देखता है। दूसरी ओर, यह समझना मुश्किल है कि देश के दूरदराज इलाकों में सरकारें आधुनिक तकनीकी संसाधन और सुविधाएं पहुंचाने में कोई कोताही नहीं करतीं, लेकिन लोगों के बीच ऐसी सामान्य चेतना और समझ का विस्तार नहीं कर पातीं कि जादू-टोना और डायन जैसी धारणाएं महज अंधविश्वास हैं और यह किसी भी समाज के पिछड़े रह जाने के सबसे बड़े कारकों में से एक हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- पैदल चलते समय लगभग ज्यादातर समय हमारी आखँ बंद होती हैं।
- लोग आपके बारे में जब अच्छा सुनते हैं तो यकीन नहीं करते लेकिन बुरा सुनने पर तुरंत भरोसा कर लेते हैं।
- दुनिया का सबसे प्रदूषित स्थान भारत की राजधानी दिल्ली हैं।
- सीखते समय आपका दिल एक सेकेंड के लिए रुक जाता है।
- पक्षी अपने वजन के आनुपातिक दृष्टिकोण से इंसानो से ह्य72 गुना अधिक शक्तिशाली होते हैं।
- दुनिया के 95 प्रतिशत लोग नइ पेन खरीदने के बाद सबसे पहले अपना नाम लिखते है।
- काक्रोच अपने 6 पैरों से एक सेकंड में लगभग 1 मीटर की दूरी तय कर लेता है।
- 20 लोग एक कमरे में होंगे तो 50% तक यह चांस रहता है की दो लोगों की जन्म तारीख एक होंगी।
- सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाले देश में भारत दुनिया में सबसे पहले नंबर में आता हैं।
- Almost सबसे लंबा अंग्रेजी शब्द है जिसमें सारे शब्द अल्फाबेटिकली क्रम में आते हैं।

## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**वृष:** मन शान्त रहेगा। जीवनसाथी का स्वास्थ्य परेशान कर सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन:** कला या संगीत में रुचि बढ़ेगी। परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी, परन्तु बातचीत में संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क:** धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन हो सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह:** वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**धनु:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा पर खर्च बढ़ सकते हैं। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन :स्थिति रहेगी।

**मकर:** मन अशान्त हो सकता है। नकारात्मक विचारों से बचें। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। घर-परिवार में मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**कुंभ:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। पारिवारिक सुख में कमी रहेगी।

**मीन:** मानसिक शान्ति रहेगी। आत्मविश्वास रहेगा। कारोबार के प्रति सचेत रहें। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93% पर आम आदमी की जेब पर पड़ रहा बोझ



**नई दिल्ली।** देश में महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी की जेब पर बोझ बढ़ाया है। मई महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 फीसदी हो गई है। यह पिछले महीने अप्रैल की 3.48 फीसदी से अधिक है। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि इसका कारण बनी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खाद्य महंगाई मई में 4.78 फीसदी रही। अप्रैल में यह 4.2 फीसदी थी। यह वृद्धि सीधे तौर पर रसोई के बजट को प्रभावित कर रही है।

शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को अधिक खर्च करना पड़ रहा है। खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर इसका अधिक असर दिख रहा है। महंगाई का यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक के लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। सरकार ने रिजर्व बैंक को महंगाई को चार फीसदी पर रखने का लक्ष्य दिया है। इसमें दो फीसदी ऊपर या नीचे का मार्जिन भी शामिल है। यह लक्ष्य अर्थव्यवस्था में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। बढ़ती महंगाई से आर्थिक विकास पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

कीमती धातु के आभूषण, टमाटर और अदरक उन पांच वस्तुओं में शामिल हैं। किशमिश और मुनक्का भी अधिक महंगाई वाली वस्तुओं की सूची में हैं। इन वस्तुओं की कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। यह सीधे तौर पर उपभोक्ताओं के खर्च को बढ़ा रहा है। विशेष रूप से टमाटर और अदरक जैसी रोजमर्रा की सब्जियों की कीमतों में वृद्धि चिंताजनक है। इससे दैनिक जीवन की लागत बढ़ गई है। दूसरी ओर, कुछ वस्तुओं की कीमतों में कम वृद्धि देखी गई। आलू, मटर, मोटर कार और जीप की महंगाई कम रही। जीरा और मोटरसाइकिल तथा स्कूटर भी कम महंगाई वाली शीर्ष पांच वस्तुओं में शामिल थे। यह आंकड़ा अखिल भारतीय स्तर पर संयुक्त रूप से दर्ज किया गया है। यह दर्शाता है कि कुछ क्षेत्रों में कीमतें अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक अपनी मौद्रिक नीति तय करते समय सीपीआई को मुख्य रूप से ध्यान में रखता है। पिछले सप्ताह, यानी 5 जून 2026 के आसपास, रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को बढ़ाया था।

पहले यह अनुमान 4.6 फीसदी था, जिसे अब बढ़ाकर 5.1 फीसदी कर दिया गया है। यह वृद्धि मुख्य रूप से बढ़ती इनपुट लागत के कारण हुई है। वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि का असर खुदरा पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर पड़ा है।

यह एक बड़ा कारक है जो महंगाई को बढ़ा रहा है। मई से अब तक खुदरा ईंधन की कीमतों में काफी बढ़ोतरी हुई है। रिजर्व बैंक ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। केंद्रीय बैंक महंगाई को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकता है।

## ट्रंप प्रशासन को बड़ी राहत, अमेरिकी अदालत ने 10 फीसदी वैश्विक टैरिफ वसूली जारी रखने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** अमेरिका में आयात शुल्क को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई के बीच ट्रंप प्रशासन को बड़ी राहत मिली है। वॉशिंगटन स्थित संघीय अपील अदालत ने फैसला दिया है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने तक अमेरिकी सरकार दुनिया भर से आने वाले सामान पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ की वसूली जारी रख सकती है। अदालत के इस फैसले को ट्रंप प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण जीत माना जा रहा है, क्योंकि इससे सरकार को फिलहाल अपनी व्यापार नीति लागू रखने का रास्ता मिल गया है।

### निचली अदालत ने बताया था अवैध

पिछले महीने न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत ने छोटे कारोबारियों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए इन टैरिफ को अवैध करार दिया था।



अदालत की बहुमत पीठ ने माना था कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों की सीमा से आगे बढ़कर यह कदम उठाया है। अदालत ने कहा था कि टैरिफ लगाने का यह फैसला कानून द्वारा अधिकृत नहीं था। अपील अदालत ने अपने आदेश में कहा कि ट्रंप प्रशासन की दलीलें पहली नजर में मजबूत दिखाई देती हैं और सरकार का पक्ष अंतिम सुनवाई में सफल हो सकता है। इसी आधार पर अदालत ने अंतिम निर्णय आने तक टैरिफ वसूली जारी रखने की अनुमति दे दी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल फरवरी में दुनिया के अधिकांश देशों से आयात होने वाले उत्पादों पर 10 प्रतिशत का अस्थायी टैरिफ लगाया था। यह फैसला 1974 के ट्रेड एक्ट की धारा 122 के तहत लिया गया था। यह प्रावधान राष्ट्रपति को सीमित अवधि के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत तक वैश्विक आयात शुल्क लगाने की अनुमति देता है।

## शेयर बाजार में बंपर उछाल, सेंसेक्स 1695 अंक चढ़ा, निफ्टी 23600 के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल देखा गया और निवेशकों के लिए यह कारोबारी हफ्ता एक बड़ी खुशखबरी के साथ खत्म हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग दो फीसदी से ज्यादा की छलांग ने बाजार के सेंटीमेंट को पूरी तरह से जोखिम लेने के लिए तैयार कर दिया है।



शुक्रवार के कारोबारी सत्र के अंत में, बीएसई सेंसेक्स ने 1,695.40 अंकों (2.29%) की लंबी छलांग लगाई और यह 75,527.95 के ऐतिहासिक स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 461.31 अंक (1.99%) उछलकर 23,622.90 के पार जाकर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपया 72 पैसे मजबूत होकर 95.13 (प्रोविजनल) के स्तर पर पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर भी भारी हरियाली छाई रही। एशियाई बाजारों में, एशिया पैसिफिक इंडेक्स 2.6% और एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स 2.7% चढ़ा। हांगकांग का हैंग सेंग 1.7%, जापान का टॉपिक्स 1.4%, और ऑस्ट्रेलिया का र&ढ/अर 200 इंडेक्स 1.8% की बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोप में भी यूरो स्टॉक्स 50 फ्यूचर्स 1.5% ऊपर थे।

**अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीद :** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने संकेत दिया है कि इस वीकेंड तक अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं, जिससे भू-राजनीतिक तनाव कम होने की भारी उम्मीद जगी है।

**कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट :** अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के दाम तेजी से गिरे हैं, जो भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए एक बहुत बड़ी राहत की खबर है।

**ग्लोबल मार्केट्स में शानदार रैली :** दुनिया भर के शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझान देखने को मिला है, जिसका सीधा असर भारतीय बाजार की धारणा पर भी पड़ा।

**रुपये में मजबूती :** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये ने शानदार वापसी की है।

मार्केट में चौतरफा खरीदारी (ब्रॉड-बेस्ड बाइंग) देखने को मिली। इंडेक्स में श्रीराम फाइनेंस के शेयर 8% तक उछले, जबकि लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) में 5% की तगड़ी तेजी दर्ज की गई। सेक्टर्स की बात करें तो रियल्टी सेक्टर ने बढ़त का नेतृत्व किया, जिसके बाद ऑटो, मीडिया और फाइनेंशियल सर्विसेज में जमकर खरीदारी हुई। बैंक शेयरों ने बाजार को मजबूत सपोर्ट दिया, जबकि एफएमसीजी, फार्मा और हेल्थकेयर जैसे डिफेंसिव सेक्टर्स में भी अच्छी बढ़त रही। हालांकि, इस तूफानी तेजी के बीच आईटी सेक्टर में केवल मामूली बढ़त ही देखने को मिली।

## चुटकुले

पूनम अपनी सहेली मीना से- क्या तुमने यह नई साड़ी खरीदी है?
मीना- हां, 5 हजार रुपये की है।
पूनम- अरे वाह... यह ज्वैलरी भी नई खरीदी है?
मीना- हां, पूरे 2 लाख रुपये की है.
पूनम- क्या तुम्हारे पति ने नई जॉब बदल ली.
मीना- नहीं, मैंने पति ही बदल लिया!

---

गर्लफ्रेंड- मैं अपना पर्स घर पर भूल आई,
मुझे एक हजार रुपये की जरूरत है.
बॉयफ्रेंड- कर दी ना छोटी बात,
पगली ये ले 10 रुपये, अभी रिक्शा करके घर जा
और पर्स लेकर आ, गर्लफ्रेंड बेहोश!

---

एक अम्मा को एक भिखारी मंदिर के बाहर मिला...
भिखारी - भगवान के नाम पर कुछ दे दो मां जी, चार दिन से कुछ नहीं खाया।
अम्मा 500 का नोट निकालते हुए बोली 400 खुले हैं?
भिखारी - हां हैं, मां जी।
बुढ़िया - तो उससे कुछ लेकर खा लेना!

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## स्पेसएक्स के 75 अरब डॉलर के आईपीओ से इनसाइडर्स की चांदी




**नई दिल्ली।** 11 जून 2026 को एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इतिहास का सबसे बड़ा इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) पेश किया। कंपनी ने शेयर बाजार में कदम रखते ही 75 अरब डॉलर की भारी-भरकम रकम जुटाई है। लेकिन, इस चमकदार आंकड़े के पीछे एक कड़वा सच छिपा है। नए शोध बताते हैं कि यह आईपीओ आम निवेशकों के लिए वैसा शानदार रिटर्न लेकर नहीं आएगा, जिसकी उम्मीद पहले के आईपीओ से पहले थी।

रॉकेट और सैटेलाइट बनाने वाली कंपनी स्पेसएक्स ने 55.56 करोड़ (555.6 मिलियन) शेयर बेचकर अपने आईपीओ से 75 अरब डॉलर जुटाए हैं। इस भारी-भरकम निवेश के बाद कंपनी का कुल मूल्यांकन 1.77 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। यह शेयर बाजार के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आईपीओ है। एक शोध के अनुसार, जिन आम निवेशकों ने इस आईपीओ में शेयर खरीदे हैं, उनके लिए पुराने जमाने के आईपीओ जैसी जबरदस्त वृद्धि देखने की संभावना काफी कम है। आजकल कंपनियों की असली और तेज ग्रोथ उनके पब्लिक होने से पहले ही बंद दरवाजों के पीछे हो चुकी होती है।

दशकों पहले, जब कोई कंपनी आईपीओ लाती थी, तो वह शुरूआती दौर में होती थी। तब आम निवेशक पैसे लगाकर कंपनी के भविष्य के विस्तार और मुनाफे में हिस्सेदार बनते थे। ऐतिहासिक रूप से, अमेजन और एपल जैसी दिग्गज कंपनियों ने अपने जीवनचक्र की शुरूआत में ही आईपीओ पेश किया था और उनकी असल ग्रोथ बाजार में लिस्ट होने के बाद हुई।

आज के समय में, कंपनियां अपनी ग्रोथ का एक बड़ा हिस्सा पूरा करने के बाद बहुत देर से शेयर बाजार में आती हैं। पास वेंचर कैपिटल (वीसी) और प्राइवेट इक्विटी (पीई) फर्मों के जरिए निजी तौर पर अरबों डॉलर जुटाने की सुविधा है। इस वजह से उन्हें शुरूआती दौर में पब्लिक मार्केट (शेयर बाजार) से पैसे की जरूरत नहीं पड़ती।

## 13 06 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन



दिशा पटानी
अभिनेत्री

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



विकास तेवतिया
(पूर्व चेयरमैन)
मुरादनगर नगर पालिका



तनिष्का



शारविन शर्मा



अवनी पालीवाल



मानवी शर्मा



काव्या



सच्चिदानन्द यादव




पूजा



अनामिका सिंह



अभिषेक जिंदल




संजय गोयल



संजीव तोमर



गुरमीत सिंह



दर्शित



सुशील दीक्षित



विजय दीक्षित



विजय सिंह



सुरेश त्रिपाठी



विकास गुर्जर



अमित कुमार



आनन्द सिंघानिया



हरीश भारद्वाज



राहुल श्रीवास्तव



उमंग गुप्ता



ऋषिकेश राय




सुधीर राघव



तापस चटर्जी



अर्पित गोयल



भोला सम्राट

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com





# गिल्बर्टो मोरा का कीर्तिमान, फीफा विश्वकप में मेक्सिको के लिए खेलने वाले बने सबसे युवा खिलाड़ी

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबले के साथ ही फीफा विश्व कप 2026 का आगाज हो गया है। सह-मेजबान मेक्सिको ने पहले ही मैच में जीत दर्ज कर टूनार्मेंट में विजयी शुरूआत की, लेकिन 17 साल की उम्र में युवा खिलाड़ी गिल्बर्टो मोरा ने कीर्तिमान रच दिया।

मेक्सिको सिटी स्टेडियम में फीफा विश्व कप 2026 के शुरू होते ही इतिहास रच दिया गया। सिर्फ 17 साल की उम्र में युवा खिलाड़ी गिल्बर्टो मोरा ने मेक्सिको के फुटबॉल इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। मोरा मैदान पर उतरते ही विश्व कप में मेक्सिको का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। यह पल मैच के 65वें मिनट में आया जब मोरा को बेंच से बाहर बुलाया गया। उनके आते ही घरेलू दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं, जिसमें बॉक्सिंग मेगास्टार कैनेलो अल्वारेज भी शामिल थे।

### विश्व कप में हिस्सा लेने वाले छठे युवा

17 साल और 240 दिन की उम्र में मोरा विश्व कप में खेलने वाले छठे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। पेले (17 साल और 235 दिन), सॉलोमन ओलेम्बे (17 साल और 185 दिन), फेमी ओपाबुनमी (17 साल और 101 दिन), सैमुअल इटो (17 साल और 99 दिन), और नॉर्मन व्हाइटसाइड (17 साल और 41 दिन) वर्ल्ड कप में हिस्सा ले चुके हैं।



दक्षिणी मेक्सिको के टक्सटला गुटिरेज में जन्मे और तिजुआना में पले-बढ़े मोरा ने 16 साल की उम्र से ठीक दो महीने पहले शीर्ष स्तर पर डेब्यू किया था। मोरा ने 2025 के फीफा अंडर-20 विश्व कप चिली 2025 में अपने खेल से खासा प्रभावित किया था। इस टूनार्मेंट में मेक्सिको क्वार्टर फाइनल तक पहुंचा और मोरा ने अपनी उम्र से कहीं अधिक परिपक्व खेल दिखाया।

### 2025 में सीनियर टीम के लिए की शुरूआत



मेक्सिको की सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए उनकी शुरूआत 2025 के कॉनकाकाफ गोल्ड कप में हुई। कोच जेवियर एगुइरे उन पर भरोसा जताया और उन्होंने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शानदार प्रदर्शन किया। मोरा ने क्वार्टर फाइनल में सऊदी अरब के खिलाफ अपना डेब्यू किया, और मेक्सिको की सीनियर नेशनल टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के फुटबॉलर बन गए। सेमीफाइनल में उन्होंने राउल जिमेनेज के लिए निर्णायक गोल बनाने में मदद की। 17 साल का यह खिलाड़ी खेल को पढ़ने और अंदाजा लगाने, लाइनों के बीच से रिसीव करने, दबाव से बचने, और सही टाइमिंग के साथ बॉल छोड़ने की अपनी काबिलियत के लिए जाना जाता है। वह सिर्फ एक असाधारण टैलेंट नहीं है ; उनके पास दबाव होने पर बॉल पाने का धैर्य, रचनात्मकता, और हिम्मत है।

# पहले ही मैच में 3 रेड कार्ड! 10 प्लेयर्स से खेलते हुए मैक्सिको ने 9 प्लेयर्स वाले द. अफ्रीका को हराया

**मैक्सिको सिटी।** फीफा विश्व कप 2026 के उद्घाटन मुकाबले में सह-मेजबान मैक्सिको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 2-0 से हरा दिया। मैक्सिको सिटी स्टेडियम में खेले गए टूनार्मेंट के पहले मैच में मेजबान टीम ने शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा और जूलियन क्विनोन्स के अलावा राउल जिमेनेज के गोल की बदौलत जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया।



**फीफा विश्व कप का भव्य आगाज:** फीफा विश्व कप 2026 का आगाज एक भव्य और रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ हुआ, जिसने दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों का दिल जीत लिया। संगीत, रोशनी और शानदार आतिशबाजी से सजे इस समारोह में लोकप्रिय बैंड माना, लैटिन पॉप स्टार बेलिंडा, कोलंबियाई गायक जे बाल्विन, वैश्विक पॉप आइकन शकीरा और नाइजीरियाई कलाकार बर्ना बॉय ने दमदार प्रस्तुतियां दीं।

माना और बेलिंडा ने समारोह की शानदार शुरूआत की, जबकि जे बाल्विन ने अपने लोकप्रिय गीतों से माहौल में ऊर्जा भर दी।

वहीं, शकीरा और बर्ना बॉय की संयुक्त प्रस्तुति समारोह का मुख्य आकर्षण रही, जिसने स्टेडियम में मौजूद हजारों दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रंग-बिरंगी रोशनी, विशेष विजुअल इफेक्ट्स और आतिशबाजी के बीच संपन्न हुए इस समारोह ने फीफा विश्व कप 2026 की शानदार शुरूआत का यादगार मंच तैयार किया।

**सलमा हायेक और इन्फेंटिनो ने की औपचारिक शुरूआत :** उद्घाटन समारोह के बाद स्पेनिश अभिनेत्री सलमा हायेक और फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने विश्व कप 2026 की औपचारिक शुरूआत की। इसके बाद ट्रॉफी को स्टेडियम में प्रदर्शित किया गया और फिर मुकाबले का आगाज हुआ।

**नौवें मिनट में मैक्सिको ने दागा पहला गोल:** मैक्सिको ने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और इसका फायदा उसे नौवें मिनट में मिला। जूलियन क्विनोन्स ने दक्षिण अफ्रीका की रक्षापंक्ति को भेदते हुए शानदार गोल दागा और टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। शुरूआती गोल के बाद भी मैक्सिको ने नियंत्रण बनाए रखा और लगातार विपक्षी टीम पर दबाव बनाते रहे।

# न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने किया संन्यास का एलान

**लंदन।** न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। विलियमसन इंग्लैंड दौरे पर गई न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा हैं और दूसरे टेस्ट से पहले ही विलियमसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समाप्त करने का फैसला किया।

इंग्लैंड दौरे के बीच न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने बड़ा एलान किया। विलियमसन ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही विलियमसन के 16 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत हो गया है। इसके साथ ही न्यूजीलैंड क्रिकेट में तीनों प्रारूपों में एक युग का अंत हो गया। विलियमसन ने 2025 में ही टी20 प्रारूप से संन्यास ले लिया था। 35 साल के विलियमसन न्यूजीलैंड के लिए सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने अपने करियर में 378 मैचों में 19346 रन बनाए हैं जिसमें 48 शतक और छह दोहरे शतक शामिल हैं।

**2010 में किया था डेब्यू**

2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने वाले केन विलियमसन ने बहुत जल्द ही दुनिया को अपनी तकनीक, धैर्य और क्लास का मुरीद बना दिया था। उनकी बल्लेबाजी में आक्रामकता कम, लेकिन प्रभाव और निरंतरता ज्यादा दिखाई दी। विलियमसन उस दौर में न्यूजीलैंड क्रिकेट में अपनी पहचान बनाने में सफल हुए जब कीवी टीम की गिनती दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में होती है।

**न्यूजीलैंड को दिलाया डब्ल्यूटीसी खिताब**

केन विलियमसन लंबे समय तक न्यूजीलैंड के कप्तान रहे और उनके नेतृत्व में ही न्यूजीलैंड ने भारत को हराकर पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीता था। यह जीत न्यूजीलैंड और विलियमसन के लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत विशेष थी क्योंकि 2019 में टीम वनडे विश्व कप का खिताब जीतने से चूक गई थी। विलियमसन का मैदान पर व्यवहार भी फैंस का दिल जीतता रहा। यही वजह है कि विरोधी खिलाड़ी भी हमेशा उनका सम्मान करते दिखाई दिए।



# विश्वकप के उद्घाटन समारोह में विकेड बैंड देगा प्रस्तुति

### मैच से ठीक पहले होगा कार्यक्रम

**एजबेस्टन।** महिला टी20 विश्व कप की आज से शुरूआत होने जा रही है। 12 टीमों के बीच खेले जाने वाले इस टूनार्मेंट के पहले मैच में मेजबान इंग्लैंड का सामना श्रीलंका से होगा।

महिला टी20 विश्व कप 2026 की आज से शुरूआत होने जा रही है। टूनार्मेंट के पहले मैच में मेजबान इंग्लैंड का सामना श्रीलंका से होगा। इससे पहले उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें विकेड बैंड प्रस्तुति देगा। स्टार एम्मा किंग्स्टन और जीजी स्ट्रैलन इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होने वाले मुकाबले से पहले लाइव परफॉर्मेंस में एल्फाबा और ग्लिंडा के रूप में विकेड के पूरे कलाकारों का नेतृत्व करेंगी।



यह प्रदर्शन आईसीसी के उस दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसके तहत टूनार्मेंट को खेल से परे ले जाकर सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण अनुभव तैयार किए जाते हैं, जिनमें विशिष्ट क्रिकेट को विश्व स्तरीय मनोरंजन के साथ जोड़ा जाता है। यह आयोजन लंदन के वेस्ट एंड में 'विक्ड' के सफल प्रदर्शन की 20वीं वर्षगांठ के साथ भी मेल खाता है।

महिला टी20 विश्व कप का उद्घाटन समारोह मैच से ठीक पहले आयोतिज होगा और इसके साथ ही महिला क्रिकेट के इस महाकुंभ की शुरूआत होगी।

### पहले से कहीं अधिक बड़ा और रोमांचक होगा टूर्नामेंट

इस बार महिला टी20 विश्व कप में कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह भाग लेने वाली टीम की संख्या के हिसाब से भी सबसे बड़ा है जिसमें 2024 की तुलना में आयरलैंड और नीदरलैंड भी शामिल हो गए हैं। यह विस्तार इस बात का संकेत है कि महिला क्रिकेट दुनिया भर में मजबूत हो रहा है, लेकिन इससे भी अधिक खुशी की बात है कि सभी टीम को बराबरी का मौका मिल रहा है और नई प्रतिभाएं सामने आ रही हैं।

### दो ग्रुप में बंटी है टीमें

महिला टी20 विश्व कप के लिए 12 टीमों को छह-छह के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप 1 में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका हैं। वहीं, ग्रुप 2 में इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, स्कॉटलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज हैं।

दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारत अपने अभियान की शुरूआत 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच से करेगा।

### कब और कहां देख सकेंगे उद्घाटन समारोह

महिला टी20 विश्व कप का उद्घाटन समारोह भारतीय समयानुसार रात 10 से 10:45 के बीच आयोजित हो सकता है। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच रात 11 बजे से शुरू होगा। मैच और उद्घाटन समारोह को भारतीय प्रशंसक भारत में टूनार्मेंट के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकेंगे।

# बढ़त लेने के बाद भी जीत दर्ज नहीं कर सका चेकिया

### दक्षिण कोरिया ने वापसी कर 2-1 से हराया

**मेक्सिको सिटी।** फीफा विश्व कप के दूसरे मैच में दक्षिण कोरिया ने दमदार वापसी करते हुए चेकिया को 2-1 से हराया। दोनों टीमों के बीच यह मैच अंत तक काफी प्रतिस्पर्धी रहा, लेकिन अंत में कोरिया की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही।



दक्षिण कोरिया ने पिछड़ने के बाद दमदार वापसी करते हुए चेकिया को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप में विजयी शुरूआत की है। दक्षिण कोरिया और चेकिया के बीच ये मैच काफी रोमांचक रहा। इस मैच में पहले हॉफ तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं, लेकिन दूसरे हॉफ में कुल तीन गोल हुए और दक्षिण कोरिया बाजी मारने में सफल रहा। चेकिया ने 59वें मिनट में गोल का खाता खोला और दक्षिण कोरिया पर 1-0 की बढ़त बना ली। चेकिया के लिए लाडिसलाव क्रेजकी ने पहला गोल किया। लेकिन दक्षिण कोरिया ने भी हार नहीं मानी और हांग इन बियोम ने 67वें में गोल कर टीम को बराबरी दिलाई। इसके बाद दक्षिण कोरिया के लिए ओह हियोन ग्यू ने दूसरा गोल किया और 2-1 की बढ़त बना ली। चेकिया की टीम अंत तक इस बढ़त को कम नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा।

**पहले हॉफ में गोल करने के कई मौके गंवाए:** चेकिया और दक्षिण कोरिया के बीच मैच शुरूआती मिनट से ही रोमांचक रहा है। कोरिया को नौवें मिनट में फ्री किक मिली और उसके पास बढ़त लेने का अच्छा मौका था, लेकिन चेकिया का बैकलाइन मजबूती से डटा रहा और गोल नहीं हो सका। इसके बाद 11वें मिनट में कोरिया को कॉर्नर मिला, लेकिन चेकिया ने फिर गोल होने नहीं दिया। कोरिया ने लगातार दबाव बढ़ाना शुरू किया, लेकिन ली हान बेओम गोलकीपर को नहीं भेद सके।

**चेकिया भी नहीं भुना सकी मौके:** पहले हॉफ के 21वें मिनट में चेकिया के पास गोल करने का एक शानदार अवसर आया। चेकिया के सामने कोरिया के डिफेंस को भेदने की चुनौती थी, लेकिन यह काम इतना आसान नहीं था और चेकिया मौके को नहीं भुना सकी। इसके अगले एक मिनट बाद भी चेकिया के पास मौका आया, लेकिन टीम फिर बढ़त लेने में असफल रही।

# वैभव सूर्यवंशी को अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के लिए करना होगा इंतजार

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करना है। भारतीय टीम नए कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में इस दौरे पर जाएगी, लेकिन इस सीरीज पर संकट के बादल छा गए हैं।

भारत को इस महीने के अंत में दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करना है। इस सीरीज के लिए युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी को भी मौका दिया गया है। माना जा रहा है कि 15 साल के वैभव आयरलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कर सकते हैं। लेकिन अब जो स्थिति बन रही है उसे देखते हुए लग रहा है कि उन्हें इसके लिए इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, भारत के आयरलैंड दौरे पर संकट के बादल छा गए हैं।

क्या टल जाएगी सीरीज?

आयरलैंड दौरे का आगाज हुआ भी नहीं है कि आगामी दौरा खतरे में पड़ने लगा है।

इसका कारण यह है कि जहां भारतीय टीम को अपने दोनों मुकाबले खेलने हैं, वहां पर हिंसा भड़क गई है। बेलफास्ट में भड़के दंगे के बाद हर किसी की नजर आयरलैंड क्रिकेट के ऊपर टिकी हुई है। फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि भारत और आयरलैंड के बीच खेली जानी वाली दो मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के मैच बेलफास्ट में ही खेले जाएंगे या सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे कहीं और शिफ्ट किया जाएगा।

बीसीसीआई और आयरलैंड क्रिकेट इस पूरे मामले पर पैनी नजर बनाए हुए है। इसे लेकर अब आयरलैंड की तरफ से बयान भी साझा किया गया है।



**रद्द हुआ इंटर प्रोविंशियल टी-20 फेस्टिवल**

यहीं नहीं बेलफास्ट में भड़के दंगे के बाद लिस्बर्न में आयोजित होने वाले इंटर प्रोविंशियल टी20 फेस्टिवल को रद्द कर दिया गया है जिसकी पुष्टि बीते गुरुवार को आयरलैंड क्रिकेट की तरफ से की गई। उस दौरान बताया गया था कि सीनियर कप और नेशनल कप मैचों के बारे में फैसला अगले 48 घंटों में लिया जाएगा।

### आयरलैंड क्रिकेट का आया बयान

इस पूरे मामले को लेकर आयरलैंड क्रिकेट ने भी बयान जारी किया है। क्रिकेट आयरलैंड ने कहा, बोर्ड उन इलाकों पर नजर गड़ाए हुए है जहां अशांति बनी हुई है। रविवार को खेले जाने वाले आयरिश सीनियर कप और नेशनल कप मैचों के बारे में फैसला अगले 48 घंटों में लिया जाएगा। हम संबंधित अधिकारियों और अपने प्रांतीय संघों के साथ लगातार संपर्क में हैं। खिलाड़ियों, कोचों, मैच अधिकारियों और समर्थकों की सुरक्षा और संरक्षा हमारी चर्चाओं में सबसे महत्वपूर्ण है। जैसे ही और जानकारी मिलेगी उसे साझा किया जाएगा।

### आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव।

# मनु भाकर की सफलता के पीछे था गुरु जसपाल का निशानेबाजी के प्रति जुनून

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मशहूर निशानेबाजी कोच और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जसपाल राणा का शुक्रवार को निधन हो गया। जसपाल का अचानक दुनिया से जाना खेल जगत के लिए गहरी क्षति है। मनु भाकर, सौरव चौधरी और ईशा सिंह जैसे निशानेबाजों को उभारने में जसपाल का बड़ा योगदान रहा।

भारत के पूर्व पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा ने असाधारण प्रतिभा के तौर पर सुर्खियों में आने के बाद जूनियर रिकॉर्ड तोड़ा और कई अंतरराष्ट्रीय पदक जीते और उनकी इस यात्रा में उनका निशानेबाजी के प्रति जुनून और इसके प्रति समर्पण उनकी पहचान रही है। ओलंपिक पदक उनकी कैबिनेट में शामिल नहीं हो सका, लेकिन जब पेरिस ओलंपिक 2024 में मनु भाकर पोडियम पर खड़ी हुईं तो उनका सपना साकार हो गया था। जब पोडियम पर कांस्य पदक मनु के गर्दन में दमक रहा था तो जसपाल स्टैंड में तालियां बजा रहे थे। भारतीय निशानेबाजी टीम के कोच जसपाल का शुक्रवार को 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।



**हमेशा सुर्खियों में रहे जसपाल**

किशोरावस्था से ही अलग-थलग रहने वाले जसपाल हमेशा किसी न किसी मामले में सुर्खियों में रहे हैं। चाहे इनमें कई बार वापसी करना हो, 30 की उम्र के बाद भी अपने करियर को बचाने की कोशिश करना हो, सिस्टम से लड़ाई लड़ना हो या फिर राजनीति में उतरना हो। दोहा 2006 के एशियाई खेलों के दौरान उन्होंने 102 डिग्री बुखार होने के बावजूद तीन स्वर्ण पदक जीते थे जो ऐसा रिकॉर्ड है जिसे कोई भी भारतीय निशानेबाज महाद्वीपीय टूनार्मेंट में कभी नहीं तोड़ पाया।

**जसपाल के संघर्ष की कहानी**

जसपाल के लंबे बिखरे बाल उनके चेहरे से चिपके हुए थे और पसीना टपक रहा था जैसे किसी ने उन पर पानी की बोतल भर कर डाल दी हो। दोहा से लगभग 12 साल पहले 1994 के हिरोशिमा एशियाई खेलों में वह 25 मीटर सेंटर-फायर पिस्टल में स्वर्ण जीतने वाले चार भारतीयों में से एक थे। इससे ही भारतीय निशानेबाजों में प्रतिभा होने का भरोसा हुआ कि सरकार की थोड़ी सी मदद से वे विश्व विजेता बन सकते हैं। उनकी यात्रा में उन्हें दुनिया के तत्कालीन अग्रणी पिस्टल कोचों में से एक टिबोर गोन्जालो ने सहायता की। वह लंबे समय तक भारत के कोच रहे। जसपाल को शायद गोन्जालो से सावधानी बरतने वाला स्वभाव विरासत में मिला है, जो एक नोटबुक, पेंसिल और गले में एक सीटी लटकाए घूमते थे और हर किसी की ताकत और कमजोरियों को नोट करते थे।



### जसपाल नहीं जीत सके ओलंपिक पदक

जसपाल ने हमेशा ओलंपिक का लक्ष्य बनाया था, लेकिन उन्हें इस बात का अफसोस रहा कि स्टैंडर्ड पिस्टल और सेंटर-फायर पिस्टल ओलंपिक कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बने। जसपाल को प्रतिभा को आगे लाने का मौका तब मिला जब उन्हें जूनियर राष्ट्रीय कोच नियुक्त किया गया। इसी दौरान उन्होंने मनु और सौरभ चौधरी की प्रतिभा देखी, दोनों ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि, मनु के साथ अनबन के कारण टोक्यो से पहले दोनों के रास्ते अलग हो गए, जिससे हर कोई अनजान रह गया। जब वह 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में भारतीय टीम के साथ थे, तो वह एक कठिन टास्कमास्टर थे। तब 16 वर्षीय मनु दबाव के माहौल में नई थी और हार मान ली थी और इससे जसपाल बहुत गुस्से में थे। खुद एक असाधारण प्रतिभा होने के कारण जसपाल को इस बात का अंदेशा हो गया था कि मनु उनकी तरह ही बनेगी।

# धर्मशाला वनडे में खेलते ही नया कीर्तिमान बनाएंगे रोहित शर्मा, इस मामले में सभी को छोड़ देंगे पीछे

**धर्मशाला।** भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए तैयार है। दोनों टीमों के बीच शनिवार को धर्मशाला में पहला वनडे मैच खेला जाएगा। रोहित शर्मा एक बार फिर नीली जर्सी में नजर आएंगे। हालांकि, वह पहले वनडे मैच के दौरान बड़ा कीर्तिमान अपने नाम कर सकते हैं।

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज का आगाज 13 जून से होने जा रहा है। सीरीज का पहला मुकाबला धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। रोहित शर्मा को वनडे सीरीज में खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। रोहित पहले वनडे मुकाबले में मैदान पर उतरने के साथ ही खास उपलब्धि हासिल कर लेंगे।

37 साल पुराना रिकॉर्ड टूटेगा

दरअसल, धर्मशाला के मैदान पर अफगानिस्तान के खिलाफ अगर रोहित शर्मा पहला वनडे मुकाबला खेलते हैं, तो वह भारत की ओर से वनडे क्रिकेट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन जाएंगे। रोहित 37 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करेंगे, जो अभी मोहिंदर अमरनाथ के नाम दर्ज है। मोहिंदर ने 39 साल और 36 दिन की उम्र में अपना आखिरी वनडे मुकाबला खेला था। वहीं, शनिवार 13 जून को रोहित की उम्र 39 साल और 44 दिन होगी। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें, तो वनडे क्रिकेट के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी नीदरलैंड्स के नोलन क्लार्क रहे हैं, जिन्होंने 47 साल और 257 दिन की उम्र में वनडे मैच खेला था।



**रोहित को दिखाना होगा दम**

रोहित ने आखिरी वनडे सीरीज न्यूजीलैंड के खिलाफ इस साल की शुरूआत में खेली थी। तीन मुकाबलों की सीरीज में रोहित का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम के पूर्व कप्तान से फैंस को दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। 50 ओवर के फॉर्मेट में रोहित का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के खिलाफ दमदार रहा है। तीन मुकाबलों में रोहित 75 की औसत और 127 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ 150 रन बना चुके हैं। रोहित इस दौरान एक शतक भी लगा चुके हैं। विराट कोहली और हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में रोहित पर अधिक जिम्मेदारी भी होगी। कोहली और हार्दिक चोट की वजह से इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं।

# गाजियाबाद आसपास




## कांवड़ यात्रा और बारावफात को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की तैयारी शुरू

## एडिशनल सीपी ने थाना प्रभारियों और एसीपी के साथ की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी कांवड़ यात्रा और 12 वफात (मोहर्रम) के पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में एडिशन सीपी कानून-व्यवस्था/यातायात राजकरन नैय्यर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीसीपी नगर- ट्रांस हिंडन धवज जयसवाल एवं ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, डीसीपी यातायात त्रिगुण बिसेन, एसीपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने दोनों महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की।

### कांवड़ मार्गों पर ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी

**करंट क्राइम :** बैठक में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात संचालन, डायवर्जन प्लान, भीड़ प्रबंधन तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ मार्गों पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाए तथा असामाजिक और शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए।

### मोहर्रम जुलूसों को लेकर भी बनाई रणनीति

**करंट क्राइम :** बारावफात और मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले जुलूसों, ताजिया मार्गों और प्रमुख आयोजनों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को स्थानीय आयोजकों, धर्मगुरुओं और समाज के प्रमुख लोगों के साथ निरंतर संवाद एवं समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए ताकि सभी कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।

### संवेदनशील स्थलों पर रहेगी विशेष नजर

एडिशनल सीपी ने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थलों का चिन्हीकरण कर वहां पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पहले से ही प्रभावी सुरक्षा योजना तैयार की जाए और सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं।

### जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : सीपी

**करंट क्राइम :** बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि जनसुरक्षा और कानून-व्यवस्था पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल, यातायात व्यवस्था और आपदा प्रबंधन की तैयारियां पहले से सुनिश्चित की जाएंगी। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा कांवड़ यात्रा और बारावफात के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक और सुदृढ़ कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है, जिससे आमजन को सुरक्षित, सुगम और शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## किसान ने एसडीएम की शिकायत जिलाधिकारी से मिलकर की

**नोएडा (करंट क्राइम)।** जेवर के गांव झुप्पा निवासी एक किसान ने जिलाधिकारी से मिलकर एसडीएम की शिकायत की है। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि एसडीएम उनकी जमीन का ठीक से सर्वे नहीं करा रहे हैं और उल्टा उनके ऊपर ही दबाव बना रहे हैं जबकि उनकी जमीन पर गांव के दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है। झुप्पा निवासी राधे ने जिलाधिकारी से बताया कि उनकी जमीन पर गांव के दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत उन्होंने जेवर थाने में की थी। किसान ने आरोप लगाया कि एसडीएम इस मामले में निष्पक्षता के साथ जांच नहीं कर रहे हैं, उल्टा उनके ऊपर ही शिकायत न करने का दबाव बना रहे हैं। किसान ने जिलाधिकारी से मिलकर मामले की जांच कराने और उसे न्याय दिलाने की मांग की है। जिलाधिकारी ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। उप जिलाधिकारी, जेवर दुर्गेश सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच कराई जा चुकी है। किसान की जमीन पर किसी का कब्जा नहीं है, बल्कि वह खुद अपनी जमीन पर काबिज है। उस पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं बनाया गया है, यह बात पूरी तरह से गलत है।

## पंकज शर्मा बने बसपा मेरठ मंडल प्रभारी मिली गाजियाबाद जिले की जिम्मेदारी

### पार्टी में तैयार की है कर्मठ कार्यकर्ताओं की एक मजबूत टीम: जिला अध्यक्ष मनोज जाटव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बसपा शीर्ष नेतृत्व ने मेरठ जैसे महत्वपूर्ण मंडल में ब्राह्मण समाज के कार्यकर्ता को मंडल प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। गाजियाबाद के सक्रिय कार्यकर्ता पंकज शर्मा को मेरठ मंडल प्रभारी के तौर पर नियुक्त कर गाजियाबाद जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी दी गई है। कुछ साल पहले ही बसपा ज्वाइन करने के बाद पंकज शर्मा ने अथक परिश्रम कर बूथ एवं सेक्टर लेवल पर पार्टी कार्यकताओं की की टीम तैयार की है। यह टीम स्थानीय लोगों से जनसंपर्क कर उनकी की समस्याओं को हल करने में जुटी है। पार्टी अध्यक्ष मायावती की लखनऊ रैली के दौरान उन्होंने टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया का उपयोग कर गाजियाबाद से लखनऊ जाने वाले कार्यकताओं का एक डाटा तैयार किया था जिसका पार्टी को बहुत लाभ मिला। बसपा जिला अध्यक्ष मनोज जाटव ने कहा कि पंकज शर्मा ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकताओं का एक डाटा तैयार किया है। इस डाटा के माध्यम से कार्यकताओं से लगातार संपर्क कायम करने में सफलता हासिल हो रही है। पंकज शर्मा को मंडल प्रभारी नियुक्त कर गाजियाबाद जिले की जिम्मेदारी दिए जाने से कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पंकज शर्मा ने कहा कि 2027 का चुनाव बहुजन समाज पार्टी एक अलग तरीके से लड़ेगी। गाजियाबाद में बहुजन समाज पार्टी का एक कर वोट बैंक पहले से ही मौजूद है 2007 के चुनाव में यहां की सभी पांच सीटों पर बसपा प्रत्याशियों की जीत हुई थी। गाजियाबाद में बसपा सबसे मजबूत पार्टी है। इसके लिए अभी से तैयारी को तेजी दी गई है। जल्द ही गाजियाबाद की सभी पांच विधानसभा सीटों पर सर्व समाज की बैठक आयोजित की जाएगी। पंकज शर्मा ने कहा कि सर्व समाज के सहयोग से 2027 में एक बार फिर से बहन मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया है।

2007 में 80 से ज्यादा ब्राह्मण समाज के विधायक बसपा के ही बने थे। 2027 में भी पार्टी सर्व समाज को उचित प्रतिनिधित्व देगी पार्टी की ओर से जल्द ही ब्राह्मण समाज सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही गाजियाबाद के सभी पांच विधानसभाओं में कार्यकताओं की बैठक बुलाकर 2027 विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी को और मजबूत करेंगे।

## सेवा राम बग्गा की पुण्यतिथि पर भव्य भजन संगम एवं श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

### प्रतिमा का अनावरण, नामचीन भजन गायकों की प्रस्तुतियों से भक्तिमय हुआ माहौल





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रताप विहार स्थित सेवा राम बग्गा अकादमी में स्वर्गीय श्री सेवा राम बग्गा जी की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य भजन संगम एवं श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली और गाजियाबाद के प्रसिद्ध भजन गायकों के साथ-साथ अनेक प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक प्रशांत सूर्यवंशी, तरसेम सिंह सैनी, नरेश रैना, सुभाष भटनागर एवं पंडित पंकज शाह सहित कई ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने भजन प्रस्तुत कर स्वर्गीय सेवा राम बग्गा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं विभिन्न प्रतिभागियों ने भी अपनी मधुर आवाज और भक्ति गीतों से उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण स्वर्गीय सेवा राम बग्गा जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण रहा। इस अवसर पर परिवारजनों एवं गणमान्य अतिथियों ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके समाजसेवा, शिक्षा और मानवीय मूल्यों के प्रति योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती इंदु बाला बग्गा, सुपुत्री सुनीता बग्गा, संजय बग्गा, नीरू बग्गा, राजीव बग्गा, नवीन बग्गा, अमित बग्गा (सोनू), प्राची अमित बग्गा, सिद्धार्थ बग्गा, प्राची बग्गा, सुरभि बग्गा, वायु बग्गा एवं प्रिशा बग्गा सहित परिवार के अन्य सदस्य तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय सेवा राम बग्गा का जीवन समाज सेवा, शिक्षा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। उनके आदर्श और कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना, श्रद्धांजलि अर्पण और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। भक्ति, श्रद्धा और सम्मान से परिपूर्ण इस आयोजन में भजन गायकों और प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया तथा स्वर्गीय सेवा राम बग्गा जी की स्मृतियों को सजीव कर दिया।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल देश का स्वर्णिम युग : विरेन्द्र सारस्वत

### 12 वर्ष देश के विकास, सुशासन और गरीबों के कल्याण का युग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार का 12 वर्ष का कार्यकाल बेमिसाल रहा। सहकारी क्रय-विक्रय समिति के चेयरमैन विरेन्द्र सारस्वत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का यह कार्यकाल देश का स्वर्णिम कार्यकाल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने 12 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष का यह कार्यकाल देश के इतिहास का एक परिवर्तनकारी युग का संदेश है। देश में आर्थिक विकास, आधारभूत संरचना, बुनियादी सुविधायें और तकनीकी प्रगति के क्षेत्र का युग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्षों का कार्यकाल देश के विकास, सुशासन और गरीबों के कल्याण का स्वर्णिम कार्यकाल है। विरेन्द्र सारस्वत ने कहा कि देश की जनता ने अपनी पूर्ण आस्था नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जताई है और उन्हें लगातार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर विराजमान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के इतिहास में एक लौते ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें जनता सबसे ज्यादा समय तक अपना विश्वास जताया है। ये विश्वास हमेशा कायम रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कार्यकाल देश की आम जनता के लिए एक वरदान है।

## देहरादून एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा

### गाजियाबाद कलेक्ट्रेट के बाबू की मौत, तीन गंभीर घायल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** देहरादून एक्सप्रेसवे पर देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में गाजियाबाद कलेक्ट्रेट के एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया और अधिकारी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जानने पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद कलेक्ट्रेट से जुड़े चार लोग देहरादून से लौट रहे थे। देर रात करीब 1:30 बजे देहरादून एक्सप्रेसवे पर उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कलेक्ट्रेट में टीआरएस/सीआरए शाखा से जुड़े विनय शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह वर्तमान में निलंबित चल रहे थे। हादसे में गंभीर सिंह, जो चुनाव विभाग में तैनात हैं, गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं कलेक्ट्रेट के नाजिर बाबू अवनीश व कलेक्ट्रेट से जुड़े ठेकेदार आदेश त्यागी भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों का उपचार यशोदा अस्पताल, नेहरू नगर में चल रहा है। बताया गया है कि चारों डीएम कॉलोनी क्षेत्र में रहते हैं। हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों के उपचार की जानकारी ली। घटना के बाद कलेक्ट्रेट परिवार और कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई है।

## आरडीसी के तनिष्क शोरूम में चोरी से हड़कंप, सेल्सकर्मी निकला संदिग्ध

### सीसीटीवी के जरिये पांच टीमें जांच में जुटीं




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर के सबसे सुरक्षित और वीआईपी माने जाने वाले राजनगर डिस्ट्रिक्ट सेंटर (आरडीसी) में स्थित तनिष्क ज्वैलरी शोरूम में हुई चोरी की वारदात ने पुलिस और व्यापारियों में हड़कंप मचा दिया है।

जिस इलाके में डीएम कार्यालय, सीपी दफ्तर, कचहरी और कई महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान मौजूद हों, वहां ज्वैलरी शोरूम में चोरी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि शोरूम का ही एक कर्मचारी पुलिस जांच के घेरे में है।

शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे थाना कविनगर पुलिस को सूचना मिली कि आरडीसी स्थित तनिष्क शोरूम में चोरी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस और अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची व जांच शुरू कर दी। देखते ही देखते पूरे बाजार में घटना की चर्चा फैल गई। व्यापारियों के बीच लाखों रुपये के आभूषण चोरी होने की चचाएं रहीं, हालांकि पुलिस ने अभी तक चोरी गए माल की कीमत और मात्रा को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

### सीसीटीवी में कैद हुई पूरी कहानी

**करंट क्राइम :** पुलिस द्वारा शोरूम में लगे कैमरों की फुटेज खंगालने पर कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। जांच में सामने आया कि शोरूम का सेल्सकर्मी नितिन वर्मा दुकान की चाबी से शोरूम खोलता दिखाई दे रहा है। पुलिस का दावा है कि प्रथम दृष्टया नितिन वर्मा ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू कर दी गई।

### चाबी रखने वाले कर्मचारी पर भी पुलिस की नजर

**करंट क्राइम :** जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि जिस चाबी से शोरूम खोला गया, वह सामान्य रूप से गौतम राज के पास रहती थी। पुलिस ने गौतम राज को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि चाबी आरोपी तक कैसे पहुंची और घटना में किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका तो नहीं है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट ने चोरी के खुलासे के लिए पांच विशेष टीमों का गठन किया है। टीमें सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य, कर्मचारियों की गतिविधियों और अन्य पहलुओं की जांच कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया जाएगा।

### व्यापारियों में चिंता, सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल



**करंट क्राइम :** आरडीसी शहर का प्रमुख व्यावसायिक और प्रशासनिक केंद्र माना जाता है। यहां प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। ऐसे इलाके में ज्वैलरी शोरूम में चोरी की घटना ने व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। व्यापारिक संगठनों का कहना है कि यदि शहर के सबसे संवेदनशील क्षेत्र में ऐसी वारदात हो सकती है तो अन्य बाजारों की सुरक्षा को लेकर भी गंभीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में शोरूम के सेल्सकर्मी नितिन वर्मा की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। तहरीर के आधार पर थाना कविनगर में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। घटना के सफल अनावरण के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है।




## किस टू- स्टार की हुई है सीधी साहब के सामने शिकायत

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि इन दिनों नदिया पार के एक थाने के सेकंड नंबर वाले अलग मिजाज में चल रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनका मामला हाई चल रहा है। सुनने में आया है कि काले कोट वालों से उनकी सीधी तकरार चल रही है और उनपर जो संगीन और गंभीर आरोप लगे हैं, उसकी शिकायत भी सीधे साहब के दफ्तर में हुई है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के देहात वाले एक थाने का मामला भी इन दिनों बेहद हॉट चल रहा है। वैसे पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि भले ही उसमें पुलिस कमिश्नरेट से लेकर दूसरे प्रदेश वाली पुलिस ने कार्रवाई कर दी हो लेकिन जिस तरीके से मामला हाईलाइट चल रहा है, उसको लेकर भी आने वाले दिनों में अगले स्तर के अधिकारियों पर कार्रवाई हो सकती है, ऐसा लखनऊ तक चर्चा चल रही है। यहां पर बताया जा रहा है कि इस मामले में पहले चौकी वाले प्रभारी और फिर थाने वाले प्रभारी पर एक्शन हुआ था। हालांकि इस वाले मामले में पॉलिटिकल एंट्री भी हुई थी लेकिन वह अभी फिलहाल साइलेंट चल रहा है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई चौकी दोबारा से खाली हो गई हैं। उनके लिए राइट फेस तलाशे जा रहे हैं, तो बताया जा रहा है कि जल्द ही कुछ टू-स्टार को सेट भी किया जाएगा। इन सबके बीच जानकारी यह मिली है की पुलिस कमिशनरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दोनों एसीपी की एंट्री हो गई है और अभी बताया जा रहा है की जल्द ही उनको प्लेस और रेप्लेस किया जाएगा। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में मीटिंगों का दौर जमकर और लंबा चल रहा है। तो सबसे बड़ी समस्या उस सर्किल को लेकर अभी से सुनाई दे रही है जो कमियनरेट ही नहीं प्रदेश में खास स्थान रखता है। जो बेहद खास और महत्वपूर्ण माना जाता है। अब देखा जाएगा कि वहां वाले एसीपी साहब को कब रवाना किया जाता है और किसके सिर पर उस वाले सर्किल का ताज सजेगा। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि वहां एंट्री पुरुष एसीपी की ही होगी। देखना होगा कि आने वाले दिनों में वहां किसको भेजा जाता है। उधर जिस टू-स्टार का मामला चल रहा है, सूत्र बता रहे हैं कि उसपर संकट वाला सीन कभी भी बन सकता है।



## आंधी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, सरकारी अस्पताल के अंदर भरा पानी, सड़कें हुईं ब्लॉक



**हापुड़।** हापुड़ में बृहस्पतिवार रात हुई आंधी बारिश से शुक्रवार को जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त रहा। जिले के अधिकतर बिजली घर बारिश के कारण घंटों तक बाधित रहे। गोल मार्केट में दुकानों में पानी भर गया।

हापुड़ में बृहस्पतिवार रात हुई आंधी बारिश से शुक्रवार को जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त रहा। जिले के अधिकतर बिजली घर बारिश के कारण घंटों तक बाधित रहे। गोल मार्केट में दुकानों में पानी भर गया। गढ़ रोड पर जल भराव से बुरा हाल रहा। सड़क की एक साइड ब्लॉक हो गई। इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया।

## आरकेजीआईटी फार्मेसी में विद्यार्थियों को दी गई भावपूर्ण विदाई






### फेयरवेल समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, शिक्षकों ने उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाएं

**गाजियाबाद।** आर.के.जी.आई.टी. (फार्मेसी) विभाग में 10 जून 2026 को फेयरवेल समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी गई तथा उनके सफल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत और कविताओं ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरणादायी संदेश दिए। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए संस्थान और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में सभी फैकल्टी सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आयोजन डॉ. सागरिका और ऋतुपर्णा पालित द्वारा किया गया।


इस अवसर पर वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर लक्ष्मण प्रसाद, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान, डॉ. विपुल गोयल (हेड एचआर), एच.सी. गर्ग (चीफ प्रॉक्टर), प्रिंसिपल डॉ. मोनिका सचदेवा, डीन अभिनव अग्रवाल तथा डॉ. मुनींद्र मोहन वार्ष्णेय (डीएसडब्ल्यू, फार्मेसी) सहित संस्थान के गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल, सफल एवं सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास और भावनात्मक वातावरण के बीच हुआ।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये यूथ आईकॉन नीरज सिंह का अंदाज है जो सबके दिल को छू लेता है। शहीद के घर पहुंचे और शहादत को नमन करते हुए उस मां को नमन किया जिसने अपने बेटे को देश की रक्षा के लिए कुर्बान किया। तिरंगे की शान और एक शहीद का सम्मान नीरज सिंह ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर अपने शब्दों के साथ साझा किया। एक शहीद का सम्मान, एक परिवार के साथ गुजरे ये पल उन्होंने फेसबुक पोस्ट पर साझा किये। यूथ आईकॉन नीरज सिंह की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।






# दबाव में झुका बांग्लादेश : भगवान राम की विशाल प्रतिमा परियोजना पर लगाई रोक

**ढाका।** बांग्लादेशमें भगवान राम की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा के निर्माण पर रोक लगा दिया गया है। इस फैसले पर विवाद बढ़ गया है। लेखिका तस्लीमा नसरीन और अन्य लोगों ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता का मुद्दा बताते हुए आलोचना की है।

बांग्लादेश के अधिकारियों ने भगवान राम की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा के निर्माण को निलंबित करने का आदेश दिया है। यह प्रतिमा गाइबांधा जिले के पलाशबारी उपजिला में स्थित श्री श्री राधा गोविंदा और काली मंदिर में लगाई जा रही थी। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार है।

बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, मंदिर के सलाहकार श्याममल कुमार महंत ने गुरुवार शाम मंदिर सभागार में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह घोषणा की। इस फैसले से तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। आलोचकों का आरोप है कि परियोजना का विरोध करने वाले इस्लामी समूहों के दबाव में इसे निलंबित किया गया है।

## धार्मिक स्वतंत्रता पर उठे सवाल



### 'अस्तित्व का संकट क्यों बताया जा रहा'

नसरीन ने इस बात पर जोर दिया कि पलाशबारी में हिंदू मंदिरों पर हमलों और मूर्तियों को तोड़ने के इतिहास को देखते हुए स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है, जिससे हिंदी भाषी अल्पसंख्यक समुदाय असुरक्षित महसूस करता है। नसरीन ने सवाल उठाया 'दुनिया भर के कई मुस्लिम बहुल देशों में – जिनमें इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया और ओमान शामिल हैं। बड़े–बड़े हिंदू मंदिर हैं। इन देशों में मंदिरों का अस्तित्व राज्य के लिए खतरा नहीं माना जाता। तो फिर बांग्लादेश में एक मंदिर के निर्माण को कुछ मुसलमानों के अस्तित्व का संकट क्यों बताया जा रहा है?'

### 'मूर्ति के निर्माण का इतना विरोध क्यों'

निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका और मानवाधिकार कार्यकर्ता तस्लीमा नसरीन ने राम मंदिर के निर्माण के इर्द-गिर्द हो रही धमकियों, उकसावे और शत्रुतापूर्ण बयानबाजी की कड़ी निंदा की। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस देश में कई लाख मस्जिदें मौजूद हैं और जिनका निर्माण जारी है। वहां एक अकेले हिंदू पूजा स्थल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है। नसरीन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'बांग्लादेश में कई लाख मस्जिदें हैं और पूरे देश में नई मस्जिदें बनती जा रही हैं। तो फिर एक राम मंदिर या भगवान राम की मूर्ति के निर्माण का इतना विरोध क्यों हो रहा है? अगर धार्मिक स्वतंत्रता सचमुच सबके लिए है, तो यह अल्पसंख्यकों पर भी समान रूप से लागू होनी चाहिए, न कि केवल बहुसंख्यकों पर।'

### लेखिका तस्लीमा नसरीन ने क्या कहा?

उन्होंने आगे कहा 'पालाशबारी, गाइबांधा में निमार्णाधीन राम मंदिर के खिलाफ मिल रही धमकियां, उकसावे और नफरत भरी बयानबाजी बेहद चिंताजनक है। किसी भी व्यक्ति या समूह को सिर्फ इसलिए किसी दूसरे समुदाय के पूजा स्थल को गिराने का अधिकार नहीं मिल जाता क्योंकि उन्हें वह पसंद नहीं है।

कानून के शासन वाले राज्य में धार्मिक मतभेदों का समाधान हिंसा या बर्बरता से नहीं किया जा सकता।' इसी बीच, बांग्लादेशी समाचार पत्र 'ब्लिट्ज' के संपादक सलाहुद्दीन शोएब चौधरी ने भी इस्लामी चरमपंथी समूहों के दबाव के बीच मंदिर निर्माण के रुकने पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

# अमेरिकी सैन्य कार्रवाई से ईरान में हुआ नेतृत्व परिवर्तन, नए नेता समझौते के लिए तैयार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि हालिया सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान के नेतृत्व में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि नया नेतृत्व अमेरिका के साथ समझौते के लिए अधिक उत्सुक है और दोनों देश एक समझौते के बेहद करीब हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने संकेत दिया है कि हालिया अमेरिकी सैन्य कार्रवाई ने ईरान के नेतृत्व ढांचे को पूरी तरह बदल दिया है। ट्रंप के अनुसार, तेहरान में अब नेताओं का एक नया समूह सामने आया है। यह नया समूह वॉशिंगटन के साथ बातचीत करने के लिए पहले के मुकाबले अधिक इच्छुक दिख रहा है।

व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि सैन्य दबाव ने ईरान के भीतर की राजनीतिक स्थिति को बदल दिया है। इससे परमाणु कार्यक्रम पर एक बड़े समझौते की उम्मीद जगी है। ट्रंप ने इसे एक तरह का सत्ता परिवर्तन (रिजीम चेंज) बताया। उन्होंने कहा कि अब जो लोग



सत्ता में हैं, वे उन लोगों से कहीं अधिक तर्कसंगत हैं जो अब वहां नहीं रहे।

ट्रंप ने विश्वास जताया कि अमेरिका और ईरान एक औपचारिक समझौते के बहुत करीब हैं। यह समझौता ईरान को परमाणु हथियार बनाने से हमेशा के लिए रोक देगा। राष्ट्रपति के अनुसार, मौजूदा ईरानी नेतृत्व उन अधिकारियों से काफी अलग है जो पहले देश की नीतियां चलाते थे। ट्रंप ने कहा, हमने नेतृत्व की पहली और दूसरी टीम को बाहर कर दिया है। अब वहां एक अलग स्तर के लोग हैं। मुझे लगता है कि यह पहले से ज्यादा समझदार और तर्कसंगत स्तर है।

**ट्रंप का ईरान को लेकर दावा**

ट्रंप ने ईरान की वर्तमान स्थिति के लिए सैन्य अभियानों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि ईरान को बहुत नुकसान हुआ है और अब वे समझौते के लिए अमेरिका से भी ज्यादा उत्सुक हैं। उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत की एक कमजोर तस्वीर पेश की। ट्रंप ने कहा कि ईरान की नौसेना, वायु सेना और एंटी-एयरक्राफ्ट प्रणाली सब खत्म हो चुकी है। इतने नुकसान के बावजूद, ट्रंप को लगता है कि नया नेतृत्व अमेरिका के साथ व्यावहारिक रूप से जुड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने बार-बार जोर दिया कि बातचीत का मुख्य मकसद ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है। उन्होंने कहा कि ईरान किसी भी रूप में परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा। ट्रंप ने प्रस्तावित समझौते को एक बहुत मजबूत समझौता ज्ञापन बताया और कहा कि इस पर कुछ ही दिनों में हस्ताक्षर हो सकते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि एक सफल समझौते से ईरान को अपना देश फिर से बनाने का मौका मिल सकता है। ट्रंप का ये बयान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा हैं क्योंकि अमेरिकी सरकार आमतौर पर ईरान में सत्ता परिवर्तन जैसे शब्दों के इस्तेमाल से बचती रही है।

# ईरान की हिट लिस्ट में कई कंपनियां मस्क की कंपनी पर भी हमले की आशंका

**तेहरान।** ईरान ने एक चेतावनी जारी की है। उसने कहा है कि वह एलन मस्क के सभी व्यापारिक संस्थानों को सैन्य निशाना मानेगा। इसमें स्पेसएक्स की स्टारलिंक इंटरनेट सेवा और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) शामिल हैं। ईरान की सरकारी मीडिया 'फार्स' के अनुसार, तेहरान ने अपनी सैन्य हिट लिस्ट बढ़ा दी है। अब इसमें पश्चिम एशिया में मौजूद मस्क की कंपनियों से जुड़े सभी आर्थिक हित और स्टारलिंक के ग्राउंड स्टेशन शामिल हैं।

### ईरान का दावा

ईरानी अधिकारियों का दावा है कि मस्क की कंपनियां अमेरिका और इस्त्रायल की सैन्य कार्रवाइयों में सक्रिय रूप से मदद कर रही हैं। उनका कहना है कि ये कंपनियां ड्रोन हमलों और मानवरहित समुद्री जहाजों जैसे आधुनिक हथियारों को चलाने में



सहयोग देती हैं। ईरान का मानना है कि अमेरिका ने मस्क की कंपनियों की मदद से युद्ध अपराध किए हैं। इसलिए ईरान इन कंपनियों के ठिकानों पर हमला करने का पूरा अधिकार रखता है।

ईरान की यह चेतावनी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक सोशल मीडिया पोस्ट के तुरंत बाद आई है। ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका ईरान पर बहुत जोरदार हमला करेगा। ट्रंप ने यह भी कहा था कि अमेरिकी सेना ईरान के मुख्य तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लेगी।

**ईरान इन कंपनियों पर भी लगा चुका है आरोप**

एलन मस्क की कंपनियों को धमकी देना ईरान की पहली ऐसी कोशिश नहीं है। इस साल की शुरूआत में ईरान की 'इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) ने अपना ध्यान पारंपरिक हथियारों से हटाकर सूचना तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनियों पर लगाया था। आईआरजीसी ने 18 से ज्यादा बड़ी अमेरिकी कंपनियों को अपनी हिट लिस्ट में शामिल किया है।

इसमें मेटा (फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप), गूगल, एप्पल, माइक्रोसॉफ्ट, इंटेल और एनवीडिया जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा बोइंग, टेस्ला और पालान्टिर को भी निशाना बनाने की बात कही गई है।

# जिंदा बचने वाले इकलौते यात्री विश्वास का दर्द फिर छलका

**लंदन।** अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे को एक साल बीत गया है। इस हादसे में 260 लोगों की मौत हुई थी। इस हादसे में केवल विश्वास कुमार रमेश ही जीवित बचे थे। विश्वास आज भी उस हादसे के सदमे, शारीरिक दर्द और आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और सामान्य जीवन जीने की कोशिश कर रहे हैं। अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान हादसे को एक साल पूरा हो गया है। 12 जून 2025 को हुई इस भयानक त्रासदी में केवल एक यात्री, विश्वास कुमार रमेश ही जीवित बचे थे। आज इस हादसे के एक साल बीत जाने के बाद भी विश्वास उस डरावनी घटना की यादों से बाहर नहीं निकल पाए हैं। वे आज भी ठीक से सो नहीं पाते और हर वक्त घबराहट महसूस करते हैं।

यह हादसा तब हुआ था जब बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान ने गुजरात के अहमदाबाद से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के महज 32 सेकंड बाद ही विमान एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल और कैंटीन की इमारत पर जा गिरा। इस भीषण दुर्घटना में कुल 260 लोगों की जान चली गई थी। इनमें विमान में सवार 241 यात्री और चालक दल के सदस्य शामिल

## एक साल बाद भी नहीं भरे जख्म



थे, जबकि 19 लोग जमीन पर मौजूद थे जिनकी मौत मलबे की चपेट में आने से हुई।

हादसे के तुरंत बाद विश्वास की एक तस्वीर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बनी थी। उस तस्वीर में वे खून से सनी टी-शर्ट पहने और हाथ में मोबाइल फोन लिए मलबे से दूर पैदल चलते दिख रहे थे। 39 साल के विश्वास अब ब्रिटेन के लीसेस्टर में अपने परिवार के साथ रहते हैं। इस हादसे में उन्होंने अपने भाई अजय को हमेशा के लिए खो दिया था। विश्वास का कहना है कि इस घटना ने उन्हें पूरी तरह बदल दिया है।

विश्वास बताते हैं कि लोग उन्हें जीवित देखकर खुश होते हैं, लेकिन उनके भीतर का संघर्ष कोई नहीं देख पाता। वे शारीरिक और मानसिक परेशानी के साथ-साथ आर्थिक तंगी से भी जूझ रहे हैं। वे अपने परिवार का सहारा बनने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन यादें उनका पीछा नहीं छोड़तीं।

विश्वास की मदद के लिए ब्रिटेन की एक कानूनी संस्था 'हडजेल सॉलिसिटर्स' काम कर रही है। यह संस्था उनके मुआवजे और अन्य दावों को लेकर एअर इंडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत कर रही है। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा है कि कंपनी हादसे से प्रभावित हर व्यक्ति की पूरी संवेदनशीलता के साथ मदद करने के लिए तैयार है।

लीसेस्टर के एक सामाजिक नेता संजीव पटेल ने बताया कि विश्वास गहरे सदमे में हैं। वे बिना किसी सहारे के घर से बाहर निकलने में भी डरते हैं। उनके मन पर लगे ये घाव शायद कभी नहीं भर पाएंगे। इस बीच, हादसे की आधिकारिक जांच जारी है। ब्रिटेन की एक्सीडेंट्स इन्वेस्टिगेशन ब्रांच, इस मामले में भारतीय जांचकताओं की मदद कर रही है। जांच टीम ने हादसे का शिकार हुए सभी लोगों के प्रति अपनी संवेदना जताई है।

### अमेरिका के कैलिफोर्निया में बड़ा घोटाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक बड़ा बैंकिंग घोटाला सामने आया है। इसने वित्तीय जगत के साथ कॉर्पोरेट गलियारों को भी हिलाकर रख दिया है। भारतीय मूल के 44 वर्षीय ग्रीन कार्डधारक फाइनेंसर महेंद्र माखीजानी को एक अमेरिकी बैंक से 954 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में बुधवार सुबह उसकी न्यूपोर्ट बीच स्थित आलीशान हवेली से गिरफ्तार किया गया। माखीजानी पर न सिर्फ शेल कंपनियों और फर्जी इंश्योरेंस दस्तावेजों के जरिये बैंक को ठगने का आरोप है, बल्कि उसने बैंककर्मियों को अपने जाल में फंसाने के लिए अश्लील माध्यमों और ड्रग्स पार्टियों का सहारा लिया और हथियारबंद गुंडों के दम पर संपत्तियों पर कब्जे किए। अदालती दस्तावेजों और आईआरएस क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन के एक्टिंग स्पेशल एजेंट इन चार्ज डैरेन लियन के आधिकारिक बयान के अनुसार माखीजानी कैंटर ग्रुप वीएलएलसी नाम की कंपनी चलाता है।

# यूरोप में तैनात विमानों-युद्धपोतों में बड़ी कटौती की तैयारी कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका यूरोप में नाटो के लिए तैनात अपने सैन्य संसाधनों में बड़ी कटौती की तैयारी कर रहा है। प्रस्ताव के तहत लड़ाकू विमान, निगरानी विमान, टैंकर, युद्धपोत और अन्य अहम सैन्य उपकरणों की संख्या घटाई जाएगी। वॉशिंगटन का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य यूरोपीय देशों और कनाडा को महाद्वीप की सुरक्षा में अधिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

अमेरिका यूरोप में उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के अभियानों के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले विमानों और युद्धपोतों की संख्या में बड़ी कटौती करने की योजना बना रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में यूरोप के दो वरिष्ठ अधिकारियों और जून की शुरूआत में सहयोगी देशों के साथ साझा किए गए एक लिखित दस्तावेज का हवाला देते हुए कहा गया



है कि इस प्रस्तावित कटौती का असर नाटो के अभियानों में इस्तेमाल होने वाले अहम सैन्य संसाधनों पर पड़ेगा। इनमें लड़ाकू विमान, निगरानी विमान, ईंधन भरने वाले टैंकर विमान और नौसैनिक तैनाती शामिल हैं।

लड़ाकू विमानों की संख्या घटेगी प्रस्तावित कटौती के तहत एफ-16 और एफ-15ई लड़ाकू विमानों की संख्या करीब 150 से घटाकर 100 की जाएगी। समुद्री निगरानी विमानों की संख्या 26 से घटाकर 15 कर दी जाएगी। इसके अलावा, यूरोप के लिए उपलब्ध सभी आठ हवाई ईंधन भरने वाले टैंकर विमानों को हटा लिया जाएगा।

### युद्धपोत और पनडुब्बी भी हटेंगी

इसमें मिसाइल दागने वाली एक पनडुब्बी और एक विमानवाहक पोत को भी दूसरी जगह भेजना शामिल है। इसके साथ ही कई युद्धपोतों और विमानवाहक पोत मिशनों से जुड़े दर्जनों विमानों को भी हटाया जाएगा। यूरोप की रक्षा के लिए पहले से तैनात दो बमवर्षक समूहों में से एक को भी दूसरी जगह भेजे जाने की संभावना है।

## नाटो की क्षमता पर कितना असर

### नाटो की क्षमता पर असर संभव

अमेरिकी अखबार के अनुसार, इन बदलावों से नाटो की लंबी दूरी तक हमला करने और निगरानी करने की क्षमता सीमित हो सकती है। इसमें रूसी पनडुब्बियों की गतिविधियों पर नजर रखना और जरूरत पड़ने पर लंबी दूरी की मिसाइल हमले करना भी शामिल है।

### पेंटागन ने नहीं दी समय-सीमा


पेंटागन ने अभी तक इस कटौती की समय–सीमा की सार्वजनिक रूप से पुष्टि नहीं की है। उसने आंकड़ों पर टिप्पणी करने से इनकार किया और केवल यूरोप में अपनी सैन्य प्रतिबद्धताओं को समायोजित करने संबंधी अमेरिकी यूरोपीय कमान के सामान्य बयान का हवाला दिया।

# रक्षा सचिव के बाद सशस्त्र बल के मंत्री अल कार्न्स का भी इस्तीफा, बजट पर बढ़ा विवाद, मुश्किल में स्टार्मर

**लंदन।** ब्रिटेन के सशस्त्र बल मंत्री ने रक्षा बजट और सैन्य तैयारियों को लेकर सरकार से मतभेद के चलते इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सेना को पर्याप्त संसाधन नहीं दे रही। इसके साथ ही वह अपनी पुरानी नीतियों पर चल रही है।

ब्रिटेन के सशस्त्र बलों के मंत्री अल कार्न्स ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने रक्षा निधि और सैन्य तैयारियों को लेकर गहरी चिंताओं का हवाला दिया। इस कदम से राष्ट्रीय सुरक्षा खर्च को लेकर प्रशासन के भीतर मौजूद मतभेद और भी उजागर हो गए हैं।

कार्न्स का जाना पूर्व रक्षा सचिव जॉन हीली के इस्तीफे के बाद हुआ है, जिनका प्रधानमंत्री के साथ सरकार के रक्षा बजट को लेकर मतभेद था। हीली का तर्क था कि स्टारमर सरकार ने



प्रस्तावित सैन्य खर्च देश की रक्षा के लिए जरूरी राशि से काफी कम है।

कार्न्स ने एक्स पर क्या लिखा?

कार्न्स ने अपने इस्तीफे का एलान एक्स पर किया। उन्होंने लिखा कि सरकार ब्रिटेन के सशस्त्र बलों को पर्याप्त समर्थन देने में असफल रही है। उन्होंने लिखा, 'ब्रिटेन की सेवा करने वालों को काम करने के लिए जरूरी उपकरण और काम पूरा होने पर उनके साथ खड़े रहने की वफादारी देना हमारा कर्तव्य है। हम इन दोनों में विफल रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सरकार में अपना पूरा समय यही बात रखने में बिताया है। वह मेरी बात नहीं सुन रहे हैं, इसलिए मैं सशस्त्र बलों के मंत्री पद से इस्तीफा दे रहा हूं।'

**'विरोधी अगली लड़ाई के लिए हथियार जुटा रहे':** उन्होंने कहा, 'संघर्ष का स्वरूप हमारी खरीद क्षमता से कहीं अधिक तेजी से बदल रहा है। हम अभी भी पिछली लड़ाई के लिए उपयुक्त क्षमता खरीद रहे हैं। वहीं, हमारे विरोधी अगली लड़ाई के लिए हथियार जुटा रहे हैं।' कार्न्स ने सरकार की रक्षा निवेश योजना (डीआईपी) की कड़ी आलोचना की। उनका दावा था कि यह उभरती सुरक्षा चुनौतियों के पैमाने को संबोधित करने में विफल रही है।

## 'सैन्य खरीद नीतियां अभी भी पुरानी'

प्रधानमंत्री को लिखे एक कड़े शब्दों वाले इस्तीफे पत्र में कार्न्स ने कहा कि उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला है कि रक्षा मंत्रालय के भीतर सार्थक सुधारों को आगे बढ़ाने के प्रयास गतिरोध पर पहुंच गए हैं। उन्होंने लिखा, 'मुझे यह स्पष्ट हो गया है कि जिस बदलाव के लिए मैंने प्रयास किया था। वह नहीं आने वाला है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए, मैंने सशस्त्र बलों के मंत्री पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है।'

# भारत के बाद अब चीन दौरे पर जाएंगे नेपाल के विदेश मंत्री, वांग यी से करेंगे मुलाकात

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल 14 जून से चीन की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इससे पहले उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा भारत की थी। भारत दौरे पर उन्होंने व्यापार, ऊर्जा और डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रों में कई अहम समझौते किए और भूकंप राहत से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल इस रविवार को चीन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने इस दौरे की घोषणा की है। मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, खनाल 14 से 17 जून 2026 तक चीन के दौरे पर रहेंगे। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने उन्हें इस यात्रा के लिए न्योता दिया है। बीजिंग में शिशिर खनाल और वांग यी के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। इस दौरान दोनों नेता नेपाल और चीन के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। वे आपसी हित के मुद्दों और सहयोग को आगे बढ़ाने के तरीकों पर बात करेंगे। अपनी इस यात्रा के दौरान खनाल चीन के कुछ अन्य उच्च



स्तरीय नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

शिशिर खनाल ने मार्च के अंत में विदेश मंत्री का पद संभाला था। पद संभालने के बाद उन्होंने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। वे पिछले हफ्ते पांच जून को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के निमंत्रण पर दिल्ली पहुंचे थे। भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई थी। भारत में हुई बैठक में दोनों विदेश मंत्रियों ने आपसी संबंधों की समीक्षा की। इसमें विकास कार्य, कनेक्टिविटी, व्यापार, ऊर्जा और लोगों के बीच आपसी रिश्तों जैसे विषय शामिल थे। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्टार्टअप, डिजिटल तकनीक और ट्रेनिंग जैसे क्षेत्रों में हो रही प्रगति पर संतोष जताया। दोनों देश अपने रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सहमत हुए।

इस दौरे पर भारत और नेपाल के बीच आपराधिक मामलों में आपसी कानूनी सहायता समझौते (MLAA) को लागू करने की प्रक्रिया पूरी हुई। यह समझौता सीमा पार होने वाले अपराधों की जांच और कानूनी कार्यवाही में मदद करेगा। इसके अलावा, भारत ने नेपाल को 72 स्वास्थ्य केंद्र और 12 सांस्कृतिक विरासत परियोजनाएं सौंपीं। ये सभी निर्माण कार्य 2015 के भूकंप के बाद भारत की मदद से पूरे किए गए हैं।

डिजिटल क्षेत्र में भी एक बड़ा कदम उठाया गया। भारत के यूपीआई (UPI) और नेपाल के एनपीआई (NPI) को आपस में जोड़ा गया। इससे दोनों देशों के बीच पैसा भेजना आसान हो जाएगा।

साथ ही, काठमांडू यूनिवर्सिटी और डिजिटल इंडिया भाषिणी के बीच एक समझौता हुआ।

# अमेरिका-इस्राइल रिश्तों में दरार, ट्रंप ने रोकी ईरान पर कार्रवाई

## नेतन्याहू को बिना जानकारी दिए लिया फैसला

**बैंकॉक।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ प्रस्तावित सैन्य कार्रवाई को अचानक रोककर वैश्विक कूटनीति में नया मोड़ ला दिया है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस फैसले की पूर्व जानकारी इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भी नहीं दी गई। ट्रंप ने दावा किया कि ईरान के साथ एक समझौते का प्रारूप तैयार हो चुका है और आने वाले दिनों में उस पर अंतिम मुहर लग सकती है। इस घटनाक्रम ने न केवल पश्चिम एशिया की राजनीति को प्रभावित किया है, बल्कि अमेरिका और इस्राइल के रिश्तों में उभरती खामोश दरारों को भी उजागर कर दिया है।

ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि उन्होंने ईरान पर होने वाली प्रस्तावित सैन्य कार्रवाई को रोक दिया है क्योंकि तेहरान बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही यूरोप में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा और यही इस



समझौते का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। हालांकि ईरान ने अब तक किसी अंतिम समझौते की पुष्टि नहीं की है।

### क्या नेतन्याहू को ट्रंप के फैसले की पहले से जानकारी थी?

रिपोर्टों के अनुसार इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को ट्रंप के इस फैसले की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। बताया गया कि ट्रंप के सार्वजनिक बयान के बाद ही उन्हें इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी मिली। इससे यह संकेत मिला कि ईरान मुद्दे पर अमेरिका और इस्राइल के बीच रणनीतिक मतभेद पहले से अधिक गहरे हो चुके हैं। हालांकि बाद में इस्राइली प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि ट्रंप ने नेतन्याहू से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि किसी भी अंतिम समझौते में ईरान की परमाणु क्षमताओं पर सख्त नियंत्रण शामिल होगा।

### क्या ट्रंप और नेतन्याहू के रिश्तों में तनाव बढ़ रहा है?

हाल के महीनों में दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर मतभेद सामने आए हैं। विशेष रूप से लेबनान और हिजबुल्लाह को लेकर इस्राइल की सैन्य कार्रवाइयों से ट्रंप नाराज बताए गए थे। उनका मानना था कि ये हमले क्षेत्र में चल रही व्यापक कूटनीतिक कोशिशों को प्रभावित कर रहे हैं। हालांकि दोनों नेता सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे को करीबी सहयोगी बताते रहे हैं, लेकिन ईरान को लेकर हालिया घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अंतिम फैसले में अमेरिका अपनी स्वतंत्र नीति पर आगे बढ़ना चाहता है। जहां ट्रंप समझौते को लगभग अंतिम चरण में बताते नजर आए, वहीं ईरान ने ऐसे दावों को समय से पहले की अटकल करार दिया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अभी किसी समझौते पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। तेहरान का कहना है कि वह अपने घोषित राष्ट्रीय हितों और लाल रेखाओं से समझौता नहीं करेगा। इसके बावजूद कतर और पाकिस्तान जैसे देशों की मध्यस्थता से बातचीत जारी है। यदि आने वाले दिनों में समझौते पर प्रगति होती है तो यह पश्चिम एशिया की राजनीति में बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या कूटनीति सैन्य टकराव की जगह ले पाएगी या फिर क्षेत्र एक बार फिर तनाव के नए दौर में प्रवेश करेगा।

### क्यों चाहता है इस्राइल सैन्य दबाव जारी रखना?

इस्राइल लंबे समय से मानता रहा है कि ईरान बातचीत का इस्तेमाल समय हासिल करने और अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए करता है। नेतन्याहू और अन्य इस्राइली अधिकारियों का तर्क रहा है कि केवल लगातार सैन्य दबाव ही ईरान को वास्तविक रियायतें देने के लिए मजबूर कर सकता है। यही वजह है कि इस्राइल कथित तौर पर अमेरिका से सैन्य कार्रवाई जारी रखने की मांग कर रहा था। इस्राइल को आशंका है कि यदि दबाव कम हुआ तो ईरान क्षेत्रीय स्तर पर अपनी स्थिति और मजबूत कर सकता है।

13 June -26 page 8 6/12/2026 10:10 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY
غازی آباد ڈویلپمنٹ اتھارٹی

# दिल्ली में संपन्न हुई बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय बैठक

## निर्माण उद्योग की चुनौतियों, नीतिगत सुधारों और तकनीकी नवाचारों पर हुआ व्यापक मंथन













**नई दिल्ली (करंट क्राइम)।** बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) की महत्वपूर्ण जीसी-एमसी बैठक गुरुवार को राजधानी दिल्ली के प्रतिष्ठित होटल लीला में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए निर्माण उद्योग से जुड़े उद्यमियों, विशेषज्ञों, संगठन पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लेकर उद्योग के समक्ष मौजूद चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्माण क्षेत्र में हो रहे तकनीकी नवाचारों की जानकारी साझा करना, केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा लागू नीतियों और नियमों पर विचार-विमर्श करना तथा उद्योग के विकास के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना था। इस दौरान देशभर से आए छोटे एवं बड़े निर्माण व्यवसायियों ने अपने अनुभव साझा किए और उद्योग हित में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, दिल्ली के मेयर प्रवेश वाही, वरिष्ठ राजनीतिज्ञ के.सी. त्यागी, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, पूर्व सांसद महाबल मिश्रा, पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील भराला, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक अजय महावर, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, पूर्व चेयरमैन सुदेश शर्मा, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। बैठक में निर्माण उद्योग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं मंत्रियों ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए सकारात्मक सहयोग और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बीएआई के चेयरमैन बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज लालचंद शर्मा, नव-नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय त्यागी, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संजय त्यागी, उत्तराखंड अध्यक्ष वैभव त्यागी, बीएआई दिल्ली के नव-नियुक्त सदस्य रजनीश त्यागी सहित संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। बैठक को सफल एवं सार्थक बताते हुए बीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि निर्माण उद्योग देश के विकास की रीढ़ है और सरकार एवं उद्योग जगत के बीच इस प्रकार के संवाद विकास की गति को और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजन में शामिल सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति का गाजियाबाद में नागरिक सुरक्षा पदाधिकारियों ने किया स्वागत

## संगठन के सुदृढ़ीकरण, प्रशिक्षण एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति के गाजियाबाद आगमन पर पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में नागरिक सुरक्षा संगठन के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्य मंत्री का अभिनंदन किया। वहीं आरक्षित प्रभाग के डिवीजनल वार्डन हर्ष वर्मा ने स्मृति-चिह्न स्वरूप पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया। भेंटवार्ता के दौरान नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के सुदृढ़ीकरण, संगठन के विस्तार, स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण, जन-जागरूकता अभियानों तथा नागरिक सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं से भी मंत्री जी को अवगत कराया। राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन, जनसेवा और सामाजिक जागरूकता में नागरिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनोपयोगी बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को नागरिक सुरक्षा गाजियाबाद के लिए प्रेरणादायी एवं गौरवपूर्ण अवसर बताते हुए पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि मंत्री जी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से संगठन की गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलेगी।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कई कार्यक्रमों में लिया भाग

# मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को बताया ऐतिहासिक





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने शुक्रवार को गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखते हुए मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को देश के विकास, सुशासन और गरीब कल्याण का स्वर्णिम काल बताया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सबसे पहले बृज विहार मंडल में आयोजित जनसंपर्क अभियान में भाग लिया। यहां उन्होंने क्षेत्र के सम्मानित एवं प्रबुद्ध नागरिकों आनंद मंगला (चार्टर्ड अकाउंटेंट), अरुण कुमार (प्रवक्ता/लेक्चरर) तथा सेवानिवृत्त कप्तान उमेश सिंह के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान बृज विहार मंडल अध्यक्ष नीरज रावल भी मौजूद रहे।

इसके बाद मंत्री ने शालीमार गार्डन मंडल और भोपुरा मंडल में आयोजित जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लेकर स्थानीय नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। शालीमार गार्डन मंडल में मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी तथा भोपुरा मंडल में मंडल अध्यक्ष विपिन डागर के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और गरीबों के उत्थान के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। आज भारत विश्व मंच पर मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। कार्यक्रम को पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल खेड़ा, विभिन्न मंडलों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान नागरिकों ने भी केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति पर विश्वास व्यक्त किया।

# समाजसेवी अजय गुप्ता ने ट्रैफिक पुलिस को भेंट किए 40 वाटर जग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की सुविधा के लिए समाजसेवी एवं उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय गुप्ता द्वारा विशेष सेवा अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को विभिन्न चौराहों और ड्यूटी स्थलों पर ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए 40 वाटर जग प्रदान किए गए।

इस अवसर पर अजय गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार ट्रैफिक पुलिस कर्मी कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर जनता की सेवा कर रहे हैं, उसी प्रकार समाज का भी दायित्व बनता है कि वह उनके प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने कहा कि यह छोटी सी पहल पुलिस कर्मियों को गर्मी से राहत पहुंचाने का प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान डीसीपी ट्रैफिक त्रिशून बिसेन (आईपीएस), इंस्पेक्टर टीई संतोष चौहान एवं इंस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह का अभिनंदन भी किया गया। अजय गुप्ता ने बताया कि इन्हीं अधिकारियों की प्रेरणा से यह सेवा कार्य प्रारंभ किया गया है।

डीसीपी ट्रैफिक त्रिशून बिसेन ने फोन पर अजय गुप्ता को इस सराहनीय कार्य के लिए शुभकामनाएं एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज के प्रति उनकी सेवा भावना प्रेरणादायक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अजय गुप्ता भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे। इस अवसर पर अजय गुप्ता ने कहा, जिंदगी के रंगमंच पर किरदार ऐसा निभाना चाहिए कि परदा गिरने के बाद भी तालियां बजती रहें। उन्होंने समाज के लोगों से भी जरूरतमंदों एवं सेवा में लगे कर्मियों के प्रति संवेदनशील रहने का आह्वान किया।

# डॉ. अतुल जैन ने प्रमुख सचिव डॉ. एम.के.एस. सुंदरम से की मुलाकात

## तकनीकी शिक्षा, रोजगार और शिक्षण संस्थानों के विकास से जुड़े मुद्दों पर हुई सार्थक चर्चा




**लखनऊ/गाजियाबाद।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष एवं टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ. अतुल कुमार जैन ने उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी तथा श्रम एवं सेवायोजन विभाग एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एम.के.एस. सुंदरम से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों विभागों से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, रोजगार सृजन, तकनीकी शिक्षा के विस्तार तथा शिक्षण संस्थानों के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। साथ ही प्रदेश में गुणवत्तापरक तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, शिक्षण संस्थानों के सुदृढ़ीकरण तथा युवाओं को बेहतर रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। डॉ. अतुल कुमार जैन ने प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षण संस्थानों के विकास एवं विद्यार्थियों के हित में निरंतर कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक के अंत में डॉ. अतुल कुमार जैन ने प्रमुख सचिव डॉ. एम.के.एस. सुंदरम का समय देने तथा विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सरकार के प्रयासों से युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे।

# अब कागज पर कलम नहीं घिसेंगे जांच अधिकारी

# हाईटेक टैबलेट से होगी स्मार्ट पुलिसिंग

## पुलिस कमिश्नरेट के 932 उपनिरीक्षकों को मिले आधुनिक टैबलेट विवेचना और पुलिस कार्यप्रणाली होगी पूरी तरह डिजिटल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिसिंग को तकनीक से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। अब जांच अधिकारियों को कागज और कलम के सहारे फाइलें तैयार करने की बजाय आधुनिक टैबलेट पर काम करना होगा।

इससे न केवल विवेचना की गति बढ़ेगी बल्कि पुलिस कार्यप्रणाली भी अधिक स्मार्ट, पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी केशव कुमार चौधरी और डीसीपी धवल जायसवाल ने कमिश्नरेट के विभिन्न थानों में तैनात 932 उपनिरीक्षकों एवं विवेचना अधिकारियों को आधुनिक टैबलेट वितरित किए।

अधिकारियों ने कहा कि यह पहल स्मार्ट पुलिसिंग और पुलिस आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। टैबलेट मिलने के बाद विवेचना अधिकारी मौके से ही डिजिटल तरीके से केस डायरी तैयार कर सकेंगे, आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे और जांच से जुड़ी सूचनाओं को तत्काल अपडेट कर सकेंगे। इससे कागजी कार्रवाई में कमी आएगी और मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी।

### पुलिस अधिकारी बोले विवेचना में आएगी रफ्तार



**करंट क्राइम :** पुलिस के अधिकारियों के अनुसार आधुनिक टैबलेट के माध्यम से विवेचना की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार होगा। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) के तहत होने वाली कार्रवाई भी अधिक प्रभावी और व्यवस्थित ढंग से संचालित की जा सकेगी। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का मानना है कि तकनीक आधारित यह व्यवस्था अपराध नियंत्रण, साक्ष्य संकलन और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाएगी। साथ ही पुलिस और आम नागरिकों के बीच भरोसे को भी बढ़ाएगी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि आने वाले समय में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की कार्यप्रणाली और अधिक डिजिटल तथा नागरिक सुविधाओं के अनुरूप बनाई जाएगी, जिससे लोगों को बेहतर और त्वरित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।